22. यदि ठेकेदार, उक्त ठेके की कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व ठेके को पर्यवसित करने का इच्छुक है, तो वह ऐसे आशय की छह माह की लिखित सूचना कलेक्टर को देगा। उपरोक्त अवधि समाप्त होने एवं ठेकेदार के विरुद्ध बकाया न होने की स्थिति में कलेक्टर से प्राप्त प्रस्ताव पर राज्य शासन द्वारा समर्पण स्वीकार किया जाएगा एवं उसकी सुरक्षा राशि वापस की जाएगी। उक्त अवधि के लिए वार्षिक ठेकाधन ठेकेदार द्वारा अनिवार्य रूप से जमा किया जाएगा, इस अवधि में खनन संक्रियाए संचालित की जा सकेगी। यदि एक बार समर्पण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर दिया जाता है। तो वह पुनः वापसी योग्य नहीं होगा। समर्पण सूचना प्राप्त होने के पश्चात समूह की पुन निविदा प्रक्रिया कलेक्टर द्वारा प्रारंभ की जाएगी ।

23 ठेकेदार, जिसके लिए उसको ठेका दिया गया है, उससे भिन्न प्रयोजन के लिए इस अनुबंध के अधीन उसको दी गई भूमि का उपयोग नहीं करेगा।

ठेकेदार/ पट्टेदार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

(1) युद्ध की स्थिति या आपातकाल की दशा में सरकार को खदान, वस्तुएं, भूमि, मशीनरी, संयंत्र, भवन तथा सामग्री का कब्जा लेने का अधिकार रहेगा तथा ऐसी स्थिति में ठेकेदार द्वारा किसी प्रतिकर के लिए कोई दावा नहीं करेगा।

(2) राज्य सरकार को लोकहित में ठेके की कालावधि समाप्त होने के पूर्व कब्जा वापस लेने का अधिकार होगा:

परन्तु कब्जा लेने के पूर्व ठेकेदार को एक माह की अग्रिम सूचना दी जायगी।

25. यदि इस ठेके के संबंध में और/या उसके संबंध में और/या कोई विवाद होने की स्थिति में, राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

26. कब्जे का पुर्नग्रहण- (1) जहां कोई रेत ,खदान रदद की जाती है या अवधारित की जाती है अथवा खदान के कब्जे को लोकहित में पुर्नग्रहण करने का विनिधिय किया जाता है या वह कालावधि जिसके लिए रेत खदान मंजूर की गई हो समाप्त हो जाती है, तो ठेकेदार, रेत खदान का कब्जा कलेक्टर को, जिसमें रेत खदान/समूह या उसका बडा भाग अवस्थित हो, रदद किए जाने या पर्यवपित किये जाने या लोकहित में कब्जा वापस लेने के विनिश्चय की संसूचना की तारीख से सात दिन की कालावधि के भीतर या खदान के ठेके की कालावधि समाप्त होने की तारीख के आगामी दिन से, जैसी भी स्थिति हो, वापस सौंप देगा।

(2) जहां ठेकेदार रेत खदान/समूह का कब्जा, उप खंड (1) में विर्निदिष्ट कालावधि के भीतर सौंपने में असफल रहता है वहां कलेक्टर या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी सूचना की तामीली या तो डाक द्वारा या उसकी प्रति ठेकेदार को व्यक्तिगत रूप से या उसके परिवार के सदस्यों या नौकरों में से किसी को निविदत्त करते हुए या देते हुए उसके निवास स्थान अथवा कारबार के स्थान के किसी सहज दृश्य स्थान पर एक प्रति चस्पा करके या उसे उस स्थान में जहां ठेकेदार निवास करता है, परिचालित कम से कम एक समाचार पत्र में प्रकाशित करेगा या करवायेगा।

(3) उपखंड (2) के अधीन सूचना में यह कथन अंतर्विष्ट होगा कि ठेकेदार रेत खदान /समूह का कब्जा कलेक्टर या उप- खंड (1) के अधीन उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, को सूचना की तामीली की तारीख से सात दिन के भीतर सौंप देगा।

(4) जहां ठेकेदार उपखंड (2) के अधीन सूचना में विर्निदिष्ट कालावधि के भीतर रेत खदान/समूह का कब्जा सौंपने में असफल रहता है, वहां कलेक्टर या उप-खंड (1) के अधीन उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, ठेकेदार से रेत खदान का कब्जा ले सकेगा और उस प्रयोजन के लिए ऐसे बल का प्रयोग कर सकेगा, जैसे कि आवश्यक समझा जाये।

ठेकेदार पट्टेधार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

(5) यदि ठेके की कालावधि की समाप्ति पर ठेकेदार अगले दिन खदान का कब्जा सौंपने में असफल रहता है तो ठेकेदार, वापिस लिये जाने पर्यन्त, अनुबंध की समस्त शर्तो का पालन करेगा।

27. यदि ठेकेदार अनुबंध की शर्तो का उल्लघंन करता है, तो कलेक्टर को ठेकेदार द्वारा जमा सुरक्षा राशि या उसके भाग को सम्पहृत करने का अधिकार होगा।

28. ठेकेदार, खदान से खनिज या उसके उत्पाद ले जाने वाले प्रत्येक वाहन को राज्य सरकार द्वारा विहित अविवहन पास के साथ ही प्रत्येक गंतव्य के लिए जाने देगा।

29. ई- निविदा दस्तावेज, अनुबंध आदि इस ठेके के अभिन्न अंग होगे।

30. अनुबंध के अधीन, एतद्द्वारा यह पट्टाक्रामित किया जाता है, कि यदि ठेकेदार उपरोक्त में अंतर्विष्ट और उल्लिखित समस्त निबंधनो और शर्तो के पूर्ति करता है, तो सुरक्षा राशि की रकम रूपये 13,27,98,856 (तेरह करोड सत्ताईस लाख अट्ठान्वे हजार आठ सौ छप्पन रुपये) (अग्रिम धन) जो कि ठेकेदार द्वारा जमा की गई है कलेक्टर द्वारा उसे वापिस की जाएगी।

अनुसूची – क

(पैरा एक देखिए)

(पैरा 1 देखिए) क्र0	जिला	तहसील	ग्राम	खसरा क्रमांक	रकबा हेक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
1	बैतूल	शाहपुर	शाहपुर/पतौवापुरा	01 एवं 112	11.000

इस अनुबंध पत्र की देय स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क दस्तावेज क्रमांक- MP039742023A11470171 दिनांक 11/02/2023 द्वारा चुकाया जा चुका है।

ठेकेदार/पट्टेदार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज – शाखा)
जिला बैतूल

साक्षियों का पूरा नाम व्यवसाय एवं हस्ताक्षर

1. [illegible]
तल खनिज शाखा बैतूल

2. [illegible]
खनिज शाखा बैतूल

हस्ताक्षर :-

प्रभारी अधिकारी
(खनिज – शाखा)
जिला बैतूल

अपर कलेक्टर
जिला बैतूल

साक्षियों का पूरा नाम, व्यवसाय एवं हस्ताक्षर

1. [illegible]
साहपुर बैतूल

2. [illegible]
साहपुर बैतूल

ठेकेदार/अटार्नी का नाम, पता व हस्ताक्षर

मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेज लिमिटेड
(अधिकृत व्यक्ति -श्री मेघावरपु प्रशांत पिता रामाराव)
पता प्लाट न. 7 बिन्दु सदन 401 साईं चंद्र कॉलोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुष्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना-500089 वर्तमान पता- हाऊस नम्बर 247, तृतीय तल, सेक्टर-2 शक्ति नगर, हबीबगंज भोपाल (म.प्र.)

ग्राम- शाहपुर/पतैयापुरा
प.ह.न. 36
स.नि.म. शाहपुर
तह. शाहपुर
जिला- बैतूल

स्केल 16" = 1 मील



संकेत स्वीकृत रेत खदान का विवरण

	ग्राम	खे.क्र.	रकबा
①	पतैयापुरा	992	6.000 हे.
②	शाहपुर	9	4.000 हे.
	कुल रकबा		99.000 हे.से.

राहा. मोनिं. क्लर्क
खनिज शाखा
जि. बैतूल

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

सहा. कलेक्टर
बैतूल

420

420

Registration and Stamp Department
Madhya Pradesh

Certificate of Stamp Duty

E-Stamp Details

E-Stamp Code	0101030206202301576 9
Total E-Stamp Amount	2000
Govt. Stamp Duty (Rs.)	2000
Municipality Duty (Rs.)	0
Janpad Duty (Rs.)	0
Upkar Amount (Rs.)	0
Exempted Amount(Rs.)	0
E-Stamp Type	NON-JUDICIAL
Issue Date & Time	02/06/2023 18:30:33
Service Provider or Issuer Details	sanjeev Dubey/SP0103419042018000 09
SP/SRO/DRO/HO Details	dadawadi ke pas Chakeer Road Moti Ward Betul Th. Betul Dist. Betul (MP) BETUL
	BETUL

Deed Details

Deed Type	Agreement/Memorandum of an agreement
Deed Instrument	If relating to secure repayment of a loan or debt.-0.25 percent of the amount of loan or debt, subject to a maximum of five lakh rupees
Purpose	Agreement

First Party Details

Organization Name	कलेक्टर खनिज बैतूल
Address	कलेक्टर खनिज बैतूल BETUL Madhya Pradesh INDIA
Number of Persons	1

Second Party Details

Organization Name	मेसर्स नेशनल इनर्जी ट्रेडिंग एंड सर्विसेज लिमिटेड
Address	हाउस न. 247 तृतीय तल सेक्टर 2 शक्ति नगर हबीबगंज भोपाल म.प्र. BHOPAL Madhya Pradesh INDIA
Number of Persons	1

Agreement

व्यापारिक रेत खदान ग्राम शाहपुर/पौतउपुरा तह. शाहपुर खसरा न. 1 एवं 112 रकबा 11.000 है. जिला बैतूल म.प्र.

Digitally signed by SANJEEV DUBY
Date: 2023.06.02 18:30:37 IST

प्रारूप-पांच

(नियम 13 (2) देखिए)

रेत खदान हेतु ठेके का अनुबंध

यह करार एक पक्ष के रूप में जो कलेक्टर जिला बैतूल के माध्यम से कार्य करते हुए मध्यप्रदेश के राज्यपाल (जिन्हे इसमें इसके पश्चात् राज्यपाल कहा गया है), जिस अभिव्यक्ति में उनके पद उत्तरवर्ती सम्मलित है और अन्य पक्ष के रूप में श्री/श्रीमती/कुमारी मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेज लिमिटेड (अधिकृत व्यक्ति –श्री भेघावरपु प्रशांत पिता रामाराव) पता प्लाट न. 7 बिन्दु सदन 401 सांई चंद्र कॉलोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुडा, मणिकोंडा, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना-500089 वर्तमान पता- हाउस नम्बर 247, तृतीय तल, सेक्टर-2 शक्ति नगर, हबीबगंज भोपाल (म.प्र.) (जिसे इसमें इसके पश्चात् "ठेकेदार" कहा गया है) जिस अभिव्यक्ति में, जहां कि संदर्भ ऐसा स्वीकार है, उसके वारिस, निष्पादक, प्रशासक, प्रतिनिधि और अनुज्ञात समनुदेशिती शामिल है, के बीच आज दिनांक 22 माह जून सन् 2023 को दिनांक 09.02.2023 से दिनांक 30.06.2023 की अवधि हेतु व्यापारिक खदान के लिये किया गया।

1. यतः ठेकेदार, ई-निविदा की शर्तो के अनुसार ई-निविदा की राशि रूपए 53,11,95,424.20 (तिरेपन करोड़ ग्यारह लाख पन्चान्ये हजार चार सौ चौबीस रुपये बीस पैसे मात्र) प्रतिवर्ष का भुगतान करने के लिए सहमत हो गया है, जो रकम एतद् द्वारा ठेका राशि कहलायगी और रूपये 13,27,98,856 (तेरह करोड सत्ताईस लाख अट्ठान्ये हजार आठ सौ छप्पन रूपये) अग्रिम धन (सुरक्षा राशि) सुरक्षा राशि के रूप में और रूपये (लागू नहीं) प्रतिभूति राशि रूपये (लागू नहीं) ठेका अवधि में देय संपूर्ण राशि के समतुल्य है, और जो ठेके के निबंधनो और शर्तो के सम्यक पालन के लिए जमा रखी जायेगी और जो कि ठेके के अनुबंध का किसी प्रकार भंग किए जाने की स्थिति समहृत किए जाने योग्य होगी और

यतः कलेक्टर ने उसे उस रेत खदान का ठेका स्वीकृत किया है जिसका मानचित्र संलग्न है जिस खदान बांसपुर, शिवसागर, गौनापुर खसरा क्रमांक 01, 01, 288 एवं 266 रकबा 24.970 हे0, तहसील घोड़ाडोंगरी/शाहपुर जिला बैतूल और जिसका विवरण संलग्न अनुसूची "क" में दिया गया है जो अब आगे "खदान" कही जायेगी।

2. अब यह अनुबंध साक्षी है कि ठेका राशि, रॉयल्टी, किराया, तथा अन्य भुगतानों के प्रतिफल में तथा शर्तो, प्रसंविदाओं और करार के प्रतिफल में तथा अध्यधीन रहते हुए, ठेकेदार को खनन के प्रयोजनो के लिए, प्रदत्त क्षेत्र में प्रवेश करने, अधिभोग रखने तथा उपयोग और इस शर्त के अध्याधीन रहते हुए कि कलेक्टर को ठेके की पूरी अवधि के दौरान सभी समय पर खदान के भीतर अवस्थित या ठेकेदार के नियंत्रण के अधीन अन्य कही उत्पादों के प्रचलित उचित बाजार मूल्य पर अग्र क्रयाधिकार होगा, खनिज या खनिज के उत्पादों को खदान से बाहर ले जाने तथा उनका विक्रय करने की स्वतंत्रता होगी,

ठेकेदार/पट्टेधार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

3. ठेकेदार इस अनुबंध के अनुसरण में, एतद्द्वारा निविदाकार को पट्टान्तरित भूमि का तारीख 09/02/2023 से तारीख 30/06/2023 तक अधिभोग रखेगा तथा कब्जा ग्रहण करेगा।

4. एतद् द्वारा यह सहमति प्रदान की जाती है कि एतद् द्वारा पट्टान्तरित रेत ठेके पर दिये गये क्षेत्र की सीमाऐं खड़ी नीचे की ओर भूमि के केन्द्र तक रहेगी।

5. (1) ठेकेदार वार्षिक ठेका राशि रूपए 53,11,95,424.20 (तिरेपन करोड़ ग्यारह लाख पन्चान्ये हजार चार सौ चौबीस रूपये बीस पैसे मात्र) का

नीचे दी गई तारीख या उसके पूर्व किश्तों में भुगतान करेगा –

अनुक्रमांक	किश्त क्रमांक	किश्त की राशि (रूपए में)	किश्त जमा करने की तारीख
1.	प्रथम किश्त	7,42,21,826.00	प्रथम त्रैमास का प्रथम दिवस
2.	द्वितीय किश्त	13,27,98,856.00	द्वितीय त्रैमास का प्रथम दिवस

परन्तु ठेकेदार, ठेकाराशि तथा रेत खदान से संबंधित अन्य सम्पूर्ण रकम प्रथमतः म. प्र. राज्य खनिज निगम एवं कलेक्टर द्वारा इस प्रयोजन हेतु संचालित खाते में जमा करेगा।

परन्तु, यदि ठेकेदार नियत तारीख को किश्तों को जमा करने में असफल रहता है तो ठेकेदार के पक्ष में आवंटित समूह की खदानों के लिए ई-टी.पी बंद की जायेगी तथा खदान संचालन पर रोक लगा दी जाएगी तथा ठेकेदार को इस आशय का कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा, कि किश्त की राशि जमा करने में असफल रहने पर क्यों न उन का ठेका निरस्त कर दिया जाए:

परन्तु और या कि, किश्त जमा करने की निर्धारित तारीख से 30 दिवस के भीतर ठेकेदार द्वारा उक्त कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए विलंब अवधि पर 24 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज सहित देय किश्त/किश्तों का भुगतान करने पर, कलेक्टर/निगम द्वारा खदान का संचालन के लिए अनुमति दे सकेगा।

परन्तु यह और कि, 30 दिवस की अवधि के भीतर उपरोक्तानुसार यदि ठेकेदार राशि जमा करने में असफल रहता है तो, कलेक्टर/निगम द्वारा ठेका व्यपगत आदेश कर पुनः निविदा हेतु शासन को अनुरोध किया जाएगा। निविदा की विज्ञप्ति प्रकाशन के पूर्व तक ठेकेदार समस्त देयतायें 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ जमा कर सकता है। नवीन निविदा विज्ञप्ति प्रकाशन पर स्वमेव ठेका पूर्ण रूप से निरस्त समझा जाएगा।

परन्तु यह और भी कि, जब तक किश्त की राशि मय ब्याज के प्राप्त होगी तो तब तक ठेकेदार के पक्ष में आवंटित समूह की खदानों के लिए ई-टी.पी. जारी किए जाने पर रोक रहेगी।

ठेकेदार/ पट्टेदार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज – शाखा)
जिला बैतूल

(2) ठेकेदार, ठेका राशि की रकम के एवज में खनन योजना, पर्यावरणीय स्वीकृति एवं जल वायु संम्मति में (इनमें से जो भी कम हो) अनुज्ञात रेत की मात्रा ले जा सकेगा।

परन्तु, यदि ठेकेदार निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में खनिज निकालेगा या ले जायेगा, तब वह उस अधिक निकाली गई या ले जायी गई मात्रा के लिए ऐसी मात्रा के मूल्य का भुगतान करने के लिए दायित्वधीन होगा :

परन्तु यह कि, यदि किसी वर्ष उत्खनित मात्रा अनुमोदित खनन योजना में उल्लेखित मात्रा से 20 प्रतिशत कम हो तो इस मात्रा के आगामी वर्ष में निकाले जाने की अनुमति दी जायेगी, किन्तु उस वर्ष के ठेकाधन में अवशिष्ट मात्रा के अंतर की राशि जमा की जानी होगी। अनुमोदित खनन योजना का पुनरीक्षण किया जायगा एवं वार्षिक ठेका राशि अनुपातिक रुप में पुनीरिक्षित किया जायगा । खनन योजना के पुनरीक्षण की स्थिति में, यथा आवश्यक पर्यावरणीय अनुमति प्राप्त की जायगी। ठेका अवधि में अनुमोदित खनन योजना में उल्लिखित मात्रा का खनन अनिवार्य होगा, अन्यथा जमा की गई सुरक्षा राशि सम्पहत की जा सकेगी:

परन्तु यह और कि, यदि ठेकेदार किसी वर्ष उस वर्ष की अनुज्ञात मात्रा से अधिक मात्रा (20 प्रतिशत से अधिक नहीं) की निकासी करना चाहता है, तब उसे प्रस्ताव अनुसार अनुमोदित खनन योजना एवं पर्यावरण अनुमति में यथायोग्य पुनरीक्षण /संशोधन करना होगा एवं यह बढी हुई मात्रा आगामी वर्ष की अनुज्ञात मात्रा के विरुद्ध समायोजित की जाएगी । किसी भी स्थिति में, ठेका अवधि हेतु स्वीकृत मात्रा से अधिक मात्रा में निकासी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) उस स्थिति में जब ठेकेदार उपरोक्त पैरा (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए वार्षिक कार्य योजना में तिमाही हेतु उल्लिखित मात्रा से अधिक खनिज निकालता है तो वह ऐसे निकाले गए अधिक मात्रा एवं तिमाही में चुकाई गई किश्त राशि के अंतर की राशि का भुगतान (तीस दिन) के भीतर किया जाना होगा, अन्यथा आगामी खनिज निकासी रोक दी जाएगी तो भुगतान करने का उत्तरदायी होगा:

परन्तु, यदि ठेकेदार नियत तारीख पर रकम का भुगतान करने में असफल रहता है तो वह 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज सहित शोध्य राशि/राशियों का भुगतान करने का उत्तरदायी होगा।

6. रेत खदान से संबंधित ठेका राशि एवं अन्य राशियां ठेकेदार द्वारा म०प्र० राज्य खनिज निगम एवं कलेक्टर द्वारा इस प्रयोजन हेतु संचालित खाते में प्रथमत: जमा कराई जाएगी

7. ठेका रकम तथा अन्य शोध्यो के जो कि इस करार के निबंधनो के अधीन देय है, शोध्य तारीखों से दो माह से अधिक अवधि तक भुगतान न किए जाने की दशा में कलेक्टर या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई

ठेकेदार/ पट्टेदार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

अधिकारी परिसर में प्रवेश करने के लिए सशक्त होगा तथा/या उसके उत्पाद और या खदान में ठेकेदार द्वारा रखी गई चल सम्पति को अभिग्रहित कर सकेगा और ले जा सकेगा।

8 यदि इस अनुबंध के अधीन ठेके की राशि या कोई अन्य शोध्य ठेकेदार द्वारा एक माह से अधिक के लिए असंदत्त रहती है तो कलेक्टर ठेका रद्द किए जाने संबंधी प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित करेगा एवं राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

9 ठेकेदार, खदान के समीप ऐसे अस्थायी भवन आदि खडा करने का हकदार होगा जैसा कि उत्खनन प्रयोजनो के लिए अपेक्षित हो और इसे ठेका अवधि समाप्ति के पूर्व हटा लेगा । ऐसा नहीं करने की स्थिति में, ठेका, समाप्ति के पश्चात् खदान के समीप भूमि पर निर्मित् ऐसे कोई भवन आदि राज्य सरकार की सम्पति होगीं तथा जिसके लिए ठेकेदार को उस पर का प्रतिकर दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

10. ठेकेदार, स्वयं व्यय पर, भूमि की सीमाओं को दर्शित करने के लिए सीमा चिन्ह तथा स्तम्भ (पिलर) का निर्माण करेगा एवं उन्हे हमेशा दुरुस्त रखेगा।

11. ठेकेदार, ठेके के अधीन प्राप्त भूमि या उसके किसी भाग को समनुदेशित या उप पट्टे पर नहीं देगा अथवा ठेके के अधीन प्रदत्त अधिकारों /विशेषाधिकारो को अंतरित नहीं करेगा।

12. ठेकेदार, इस अनुबंध के अधीन प्रदत्त भूमि की समुचित स्वच्छता बनाए रखने का उत्तरदायी होगा।

13. ठेकेदार, उस समय समस्त नियमों तथा विनियमों और ऐसी अन्य शर्तों से बाध्य होगा जैसा कि शासन द्वारा समय-समय पर अधिरोपित की जाए।

14. ठेकेदार, खदान में कार्य कर रहे व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के समुचित उपाय करने के लिए आबद्ध होगा।

15. ठेकेदार, सडक, पानी से संबंधित अधिकारो और अन्य सुखाधिकारों का ध्यान रखेगा।

16. सरकार को यह अधिकार होगा, कि वह पट्टाकृत क्षेत्र के ऊपर संचार साधनो की स्थापना के लिए ऊपर मार्ग का निर्माण करें या अन्य उपाय करें तथा ठेकेदार को उसके लिए प्रतिकर दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

17. ठेकेदार, अनुमोदित खनन योजना के अनुसार खनन संक्रिया करेगा और रेत तथा बजरी का खनन सतह से अधिकतम तीन मीटर तक अथवा जल स्तर तक जो भी कम हो, किया जाएगा । किन्तु ऐसा उत्खनन नदी/ नाले के भीतर प्रतिसिद्ध होगा।

ठेकेदार/ पट्टेदार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

18. ठेकेदार, खदान से अभिप्राप्त और विक्रय किए गए या निकास किए गए खनिज की मात्रा तथा विशिष्टिया दर्शाते हुए उनका सही लेखा और खदान में नियोजित व्यक्तियों की संख्या तथा खदान का पूर्ण रेखांक संधारित करेगा और शासन/ कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी को किसी भी समय ऐसे लेखाओं तथा रेखांको का परीक्षण करने देगा तथा ऐसे सक्षम अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान या मांग की जाने पर प्रस्तुत करेगा।

19. ठेकेदार, नीचे दिये गये प्ररूप में मासिक विवरणी प्रत्येक माह की 07 तारीख के पूर्व कलेक्टर को प्रस्तुत करेगा:

माह	निकाले गये खनिज का प्रारंभिक स्टॉक(घनमीटर)	माह में निकाले गए खनिज की मात्रा (घनमीटर)	माह में निकास किए गए खनिज की मात्रा (घनमीटर)	माह में विक्रय किए गए खनिज की मात्रा (घनमीटर)	माह के अंत में खनिज का अंतिम स्टाक (घनमीटर)	माह के दौरान नियोजित श्रमिकों की औसत संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.

20. ठेकेदार, खदान क्षेत्र में घटने वाली किसी दुर्घटना की रिपोर्ट तत्काल संबंधित जिला मजिस्ट्रेट को देगा।

21. ठेकेदार, उसके ठेके में शामिल की गई रेत खदानो के पहुच मार्ग, खनिज की उपलब्धता तथा कोई अन्य कारण से ठेकाधन की राशि में संशोधन किए जाने संबंध में कलेक्टर के विरुद्ध कोई प्रतिकर या नुकसान का दावा नहीं करेगा।

22. यदि ठेकेदार, उक्त ठेके की कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व ठेके को पर्यवसित करने का इच्छुक है, तो वह ऐसे आशय की छह माह की लिखित सूचना कलेक्टर को देगा। उपरोक्त अवधि समाप्त होने एवं ठेकेदार के विरुद्ध बकाया न होने की स्थिति में कलेक्टर से प्राप्त प्रस्ताव पर राज्य शासन द्वारा समर्पण स्वीकार किया जाएगा एवं उसकी सुरक्षा राशि वापस की जाएगी। उक्त अवधि के लिए वार्षिक ठेकाधन ठेकेदार द्वारा अनिवार्य रूप से जमा किया जाएगा, इस अवधि में खनन संक्रियाए संचालित की जा सकेगी। यदि एक बार समर्पण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर दिया जाता है। तो वह पुनः वापसी योग्य नहीं होगा। समर्पण सूचना प्राप्त होने के पश्चात समूह की पुन निविदा प्रक्रिया कलेक्टर द्वारा प्रारंभ की जाएगी ।

23 ठेकेदार, जिसके लिए उसको ठेका दिया गया है, उससे भिन्न प्रयोजन के लिए इस अनुबंध के अधीन उसको दी गई भूमि का उपयोग नहीं करेगा।

ठेकेदार/ पट्टेदार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

24 (1) युद्ध की स्थिति या आपातकाल की दशा में सरकार को खदान, वस्तुएं, भूमि, मशीनरी, संयंत्र, भवन तथा सामग्री का कब्जा लेने का अधिकार रहेगा तथा ऐसी स्थिति में ठेकेदार द्वारा किसी प्रतिकर के लिए कोई दावा नहीं करेगा।

(2) राज्य सरकार को लोकहित में ठेके की कालावधि समाप्त होने के पूर्व कब्जा वापस लेने का अधिकार होगा:

परन्तु कब्जा लेने के पूर्व ठेकेदार को एक माह की अग्रिम सूचना दी जायगी।

25. यदि इस ठेके के संबंध में और/या उसके संबंध में और/या कोई विवाद होने की स्थिति में, राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

26. कब्जे का पुर्नग्रहण- (1) जहां कोई रेत ,खदान रदद की जाती है या अवधारित की जाती है अथवा खदान के कब्जे को लोकहित में पुर्नग्रहण करने का विनिश्चिय किया जाता है या वह कालावधि जिसके लिए रेत खदान मंजूर की गई हो समाप्त हो जाती है, तो ठेकेदार, रेत खदान का कब्जा कलेक्टर को, जिसमें रेत खदान/समूह या उसका बड़ा भाग अवस्थित हो, रदद किए जाने या पर्यवसित किये जाने या लोकहित में कब्जा वापस लेने के विनिश्चय की संसूचना की तारीख से सात दिन की कालावधि के भीतर या खदान के ठेके की कालावधि समाप्त होने की तारीख के आगामी दिन से, जैसी भी स्थिति हो, वापस सौंप देगा।

(2) जहां ठेकेदार रेत खदान/समूह का कब्जा, उप खंड (1) में विर्निदिष्ट कालावधि के भीतर सौंपने में असफल रहता है वहां कलेक्टर या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी सूचना की तामीली या तो डाक द्वारा या उसकी प्रति ठेकेदार को व्यक्तिगत रूप से या उसके परिवार के सदस्यों या नौकरों में से किसी को निविदत्त करते हुए या देते हुए उसके निवास स्थान अथवा कारबार के स्थान के किसी सहज दृश्य स्थान पर एक प्रति चस्पा करके या उसे उस स्थान में जहां ठेकेदार निवास करता है, परिचालित कम से कम एक समाचार पत्र में प्रकाशित करेगा या करवायेगा।

(3) उपखंड (2) के अधीन सूचना में यह कथन अंतर्विष्ट होगा कि ठेकेदार रेत खदान /समूह का कब्जा कलेक्टर या उप- खंड (1) के अधीन उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, को सूचना की तामीली की तारीख से सात दिन के भीतर सौंप देगा।

(4) जहां ठेकेदार उपखंड (2) के अधीन सूचना में विर्निदिष्ट कालावधि के भीतर रेत खदान/समूह का कब्जा सौंपने में असफल रहता है, वहां कलेक्टर या उप-खंड (1) के अधीन उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, ठेकेदार से रेत खदान का कब्जा ले सकेगा और उस प्रयोजन के लिए ऐसे बल का प्रयोग कर सकेगा, जैसे कि आवश्यक समझा जाये।

ठेकेदार/ पटेवार
हस्ताक्षर

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

(5) यदि ठेके की कालावधि की समाप्ति पर ठेकेदार अगले दिन खदान का कब्जा सौंपने में असफल रहता है तो ठेकेदार, वापिस लिये जाने पर्यन्त, अनुबंध की समस्त शर्तों का पालन करेगा।

27. यदि ठेकेदार अनुबंध की शर्तों का उल्लघंन करता है, तो कलेक्टर को ठेकेदार द्वारा जमा सुरक्षा राशि या उसके भाग को सम्पहृत करने का अधिकार होगा।

28. ठेकेदार, खदान से खनिज या उसके उत्पाद ले जाने वाले प्रत्येक वाहन को राज्य सरकार द्वारा विहित अविवहन पास के साथ ही प्रत्येक गंतव्य के लिए जाने देगा।

29. ई- निविदा दस्तावेज, अनुबंध आदि इस ठेके के अभिन्न अंग होगे।

30. अनुबंध के अधीन, एतद्द्वारा यह पट्टाक्रामित किया जाता है, कि यदि ठेकेदार उपरोक्त में अंतर्विष्ट और उल्लिखित समस्त निबंधनो और शर्तो के पूर्ति करता है, तो सुरक्षा राशि की रकम रूपये 13,27,98,856 (तेरह करोड सत्ताईस लाख अट्ठान्वे हजार आठ सौ छप्पन रूपये) (अग्रिम धन) जो कि ठेकेदार द्वारा जमा की गई है कलेक्टर द्वारा उसे वापिस की जाएगी।

अनुसूची – क

(पैरा एक देखिए)

(पैरा 1 देखिए) क्र0	जिला	तहसील	ग्राम	खसरा क्रमांक	रकबा हेक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
1	बैतूल	घोड़ाडोंगरी/ शाहपुर	बांसपुर/शियसागर /गौनापुर	01, 01, 288 एवं 266	24.970

इस अनुबंध पत्र की देय स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क दस्तावेज क्रमांक- MP039742023A11470171 दिनांक 11/02/2023 द्वारा चुकाया जा चुका है।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज – शाखा)
जिला बैतूल

ठेकेदार/ पट्टेदार
हस्ताक्षर

साक्षियों का पूरा नाम व्यवसाय एवं हस्ताक्षर

हस्ताक्षर :-

1. [illegible] सा. मो.नं. (व्यवसाय) बैतूल

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

अपर कलेक्टर
जिला बैतूल

साक्षियों का पूरा नाम, व्यवसाय एवं हस्ताक्षर

1. [illegible] शाहपुर बैतूल

2. [illegible]

ठेकेदार/भूतपूर्व का नाम, पता व हस्ताक्षर

ठेकेदार के हस्ताक्षर

मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेज लिमिटेड
(अधिकृत व्यक्ति -श्री मेघावरपु प्रशांत पिता रामाराव)
पता प्लाट न. 7 बिन्दु सदन 401 सांई चंद्र कॉलोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुष्पलगुडा, मणिकोंडा, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना-500089 वर्तमान पता- ब्लाक्स नम्बर 247, तृतीय तल, सेक्टर-2 शक्ति नगर, हबीबगंज भोपाल (म.प्र.)

ग्राम- शिवसागर
प.ह.नं. 12
रा.नि.मु. चोपनाडु घोडाडोंगरी
तह. घोडाडोंगरी
जिला बैतूल

ग्राम- बाँसपुर
प.ह.नं. 12

ग्राम गौनापुर
प.ह.न. 39
तह० शाहपुर

430

स्केल 16"=1मील

उ.

द.



संकेत ▨ रेत खदान का स्वीकृत क्षेत्र

ग्राम	ख.नं.	रकबा हे. में
ग्राम-बाँसपुर	01	6.900
शिवसागर	01,248	5.500 सं 7.220
गौनापुर	266	5.350
		24.970 हे. लीज

योग ⇒

430

सहा. ग्रामीण. खनि
खनिज शाखा
जि. बैतूल

प्रभारी अधिकारी
(खनिज - शाखा)
जिला बैतूल

रजिस्ट्रीकरण एवं स्टाम्प विभाग
मध्य प्रदेश

स्टाम्प शुल्क का प्रमाण पत्र

ई स्टाम्प विवरण

आई.डी.	0101031906202301043 6
राशि (रुपए)	2000
न्यायालय स्टाम्प ड्यूटी (रुपए)	2000
स्टाम्प ड्यूटी (रुपए)	0
नगर पालिका ड्यूटी (रुपए)	0
कुल ई गई राशि (रुपए)	0
उपकर राशि (रुपए)	0
लेखन का प्रकार	गैर न्यायिक
लेखन दिनांक एवं समय	19/06/2023 18:25:04
क्रय आईडी / प्राधिकारी	sanjeev Dubey/SP0103419042018000099
क्रय की / एवं की विवरण	dadrawadh ke pas Chakeer Road Moti Ward Betul Th. Betul Dist. Betul (MP) बैतूल बैतूल

शीर्ष विवरण

लेखन का प्रकार	करार या करार का भावन
लिखत	(ए) यदि किसी उधार या ऋण के पुनर्भुगतान को प्रतिभूत करने से संबंधित हो:- अधिकतम पांच लाख रूपए के अप्रदत्त रहते हुए उधार या ऋण की रकम का 0.25 प्रतिशत.
शीर्ष	Agreement

पहले पक्ष के विवरण

संगठन का नाम	कलेक्टर खनिज बैतूल
पता	कलेक्टर खनिज बैतूल जिला बैतूल बैतूल मध्य प्रदेश भारत
व्यक्तियों की संख्या	1

दूसरे पक्ष के विवरण

संगठन का नाम	मेसर्स मेहावल एक्सी ट्रेडिंग एंड सर्विसेस लिमिटेड
पता	हाउस न. 247 गृहीत तल सेक्टर 2 शांति नगर हबीबगंज भोपाल म.प्र. भोपाल मध्य प्रदेश भारत
व्यक्तियों की संख्या	1

Agreement

व्यापारिक रेत खदान ग्राम बांसपुर, शिवसागर, गौनापुर तह. घोडाडोंगरी खसरा न. 1 , 1 , 288,266, रकबा 24.970 हे. जिला बैतूल म.प्र.

Digitally signed by SANJEEV DUBY
Date: 2023.06.19 18:25:30 IST

ANNEXURE-5

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

क्रमांक / ख0लि0–2 / 2019 / 2059 (A) बैतूल, दिनांक 07 / 12 / 2019

सरपंच, ग्राम पंचायत **टांगनामाल** जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल द्वारा ग्रामसभा दिनांक 26.01.2018 में प्रस्ताव क्रमांक 09 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित पत्र दिनांक 28.01.2018 प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार ग्राम–**धामन्या** तहसील शाहपुर के **मोरण्ड** नदी के ख.क्र. 1 रकबा 13.541 हे.में बड़ी तादाद में खनिज रेत उपलब्ध है, जिसे नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया है।

उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्र पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार शाहपुर / खनि निरीक्षक बैतूल / खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन / अभिमत प्राप्त किये गये। तहसीलदार शाहपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक–टी.आर. / 2019 / 604 दिनांक 26.11.2019 द्वारा ग्राम–तहसील शाहपुर की भूमि खसरा क्रमांक 1 रकबा 13.541 हे0 में से रकबा 5.000 हे0 भूमि पर नई रेत खदान घोषित करने हेतु प्रस्तावित की गई है।

खनि निरीक्षक, बैतूल के जॉच प्रतिवेदन दिनांक 02.12.2019 के अनुसार आवेदित क्षेत्र खसरा क्रमांक 1 रकबा 13.541 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत उपलब्ध है। आवेदित क्षेत्र से आबादी लगभग 200 मीटर दूर स्थित है, सड़क लगभग 100 मीटर दूर स्थित है। सार्वजनिक स्थल जैसे मंदिर / मस्जिद / कब्रस्तान से लगभग 200 मी0 दूर स्थित है, राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 38 कि0मी0 दूर स्थित है, प्रस्तावित क्षेत्र मोरण्ड नदी हैं आवेदित क्षेत्र से नियमानुसार प्रतिबंधित दूरी छोड़कर उपलब्ध क्षेत्र पर रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की हैं।

खनि सहायक मानचिकार, बैतूल ने प्रतिवेदन दिनांक 05.12.2019 में प्रतिवेदित किया है कि तहसील शाहपुर ग्राम–**धामन्या** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 1 रकबा 13.541 हे0 में से 5.000 हे0 क्षेत्र नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु क्षेत्र उपलब्ध होता हैं राजस्व पटवारी नक्शे में लाल स्याही से चिन्हांकित किया गया हैं।

मध्यप्रदेश रेत (खनन,परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम,2019 में वन विभाग से अनुशंसा का कोई प्रावधान नहीं दिया गया है। विभागीय VC दिनांक 15.11.2019 के दौरान शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया कि SEIAA की अनुमति के दौरान वन विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेंगे।

अतः उपरोक्त जॉच प्रतिवेदनों एवं ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के नियम 5 (1) एवं (2) के तहत ग्राम–**धामन्या** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 1 रकबा 13.541 हे0 में से रकबा 5.000 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत की नई खदान घोषित की जाती हैं।

(कलेक्टर महो0द्वारा अनुमोदित)

7/12/19
जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

पृ0क्रमांक / ख0लि0–2 / 2019 / 2059 (A) बैतूल, दिनांक 07 / 12 / 2019

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, पर्यावास भवन, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम बैतूल(सा0) वनमंडल।
5. मुख्य कार्यपालन/अधिकारी, जिला पंचायत बैतूल को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) **शाहपुर** की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, शाहपुर
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शाहपुर को सूचनार्थ
9. खनि निरीक्षक / खनि सर्वेयर / खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल।
10. खनि शाखा–2 खनिज कार्यालय बैतूल ।
11. सरपंच / सचिव ग्राम पंचायत–**टांगनामाल** जनपद पंचायत **शाहपुर** जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

7/12/19
जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

क्रमांक/खo लि०–2/2019/2056(A) बैतूल, दिनांक 07/12/2019 (10)

सरपंच, ग्राम पंचायत **बल्लौर** जनपद पंचायत चिचोली जिला बैतूल द्वारा ग्रामसभा दिनांक 02.10.2017 में प्रस्ताव क्रमांक 05 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित पत्र दिनांक 03.10.2017 प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार ग्राम–**बल्लौर** तहसील चिचोली के **मोरण्ड** नदी में बहुत तादाद में खनिज रेत उपलब्ध है, अतः खसरा क्रमांक 162 रकबा 5.111 हे0 में से रकबा 3.560 हे0 को नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया है।

उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्र पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार चिचोली/खनि निरीक्षक बैतूल/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन/अभिमत प्राप्त किये गये।

तहसीलदार चिचोली के रा.मा. क्र.0664 ब/121 वर्ष 2019–20 आदेश पत्रिका दिनांक 26.11.2019 के अनुसार राजस्व निरीक्षक/हल्का पटवारी से प्रतिवेदन, स्थल पंचनामा निर्धारित प्रारूप में प्राप्त कर तथा प्रथक से प्रतिवेदन प्रकरण में संलग्न कर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैतूल की ओर प्रेषित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैतूल द्वारा आदेश पत्रिका दिनांक 27.11.2019 को प्रतिवेदित किया गया है कि प्रकरण में संलग्न प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम–बल्लौर स्थित शासकीय नदी खसरा क्रमांक 162 रकबा 5.111 हे0 में से रकबा 3.000 हे0 क्षेत्र पर नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है। प्रकरण आगामी कार्यवाही हेतु खनि अधिकारी बैतूल को प्रेषित किया गया है। तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत संलग्नक–4 एवं 23 बिन्दुओं की जानकारी, लाल स्याही से रेखांकित नक्शा, स्थल पंचनामा की मूल प्रति प्रस्तुत की गई है

खनि निरीक्षक,बैतूल के जॉच प्रतिवेदन मय पंचनामा दिनांक 26.03.2018 के अनुसार आवेदित क्षेत्र खसरा क्रमांक 162 रकबा 5.111 हे0 में से 3.560 हे0 क्षेत्र पर पर्याप्त मात्रा में रेत खनिज उपलब्ध है। आवेदित क्षेत्र से पुल 200 मीटर के भीतर नहीं है। राष्ट्रीय/राजमार्ग लगभग 12 कि0मी0 दूर स्थित है। रेल्वे लाईन 15 कि0मी0 के भीतर नहीं है, जलाशय/बांध 200 मीटर के भीतर नहीं है, ग्रामीण मार्ग 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। सार्वजनिक संस्थान आस–पास नहीं है। आबादी लगभग 200 मीटर पर स्थित है। सार्वजनिक उपयोग की भूमि आस–पास नहीं है। धार्मिक स्थल एवं मरघट 100 मीटर के भीतर नहीं है। उक्त आवेदित क्षेत्र शासकीय नदी है जिसमें प्रचूर मात्रा में रेत उपलब्ध है, आवेदित क्षेत्र से रेत खनिज की चोरी न हो एवं आस–पास के ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त हो सके, आवेदित क्षेत्र में नई रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की है।

खनि सहायक मानचिकार, बैतूल ने प्रतिवेदन दिनांक 05.12.2019 में प्रतिवेदित किया गया है कि तहसील चिचोली ग्राम–**बल्लौर** के **मोरण्ड** नदी के खसरा क्रमांक 162 रकबा 5.111 हे0 में से 3.000 हे0 क्षेत्र पर नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु क्षेत्र उपलब्ध होता है राजस्व पटवारी नक्शे में लाल स्याही से चिन्हांकित किया गया है।

मध्यप्रदेश रेत (खनन,परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम,2019 में वन विभाग से अनुशंसा का कोई प्रावधान नहीं दिया गया है। विभागीय VC दिनांक 15.11.2019 के दौरान शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर के वरिष्ट अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया कि SEIAA की अनुमति के दौरान वन विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेंगे।

अतः उपरोक्त जॉच प्रतिवेदनों एवं ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के नियम 5 (1) एवं (2) के तहत ग्राम–**बल्लौर** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 162 रकबा 5.111 हे0 में से रकबा 3.000 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत की नई खदान घोषित की जाती है।

(कलेक्टर महो0द्वारा अनुमोदित)

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

पृ0क्रमांक/खo लि०–2/2019/2056(A) बैतूल, दिनांक 07/12/2019 (10)

प्रतिलिपि:–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, पर्यावास भवन, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम बैतूल(सा0) वनमंडल।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बैतूल को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) बैतूल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, चिचोली ।
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत चिचोली को सूचनार्थ
9. खनि निरीक्षक/ खनि सर्वेयर/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल।
10. खनि शाखा–2 खनिज कार्यालय बैतूल ।
11. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत–**बल्लौर** जनपद पंचायत चिचोली जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

क्रमांक/खo लि०–2/2019/2013(A) बैतूल, दिनांक 05/12/2019

सरपंच, ग्राम पंचायत **खपरिया** जनपद पंचायत चिचोली जिला बैतूल द्वारा ग्रामसभा दिनांक 02.10.2017 में प्रस्ताव क्रमांक 09 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित पत्र दिनांक 03.10.2017 प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार ग्राम–**खपरिया** तहसील चिचोली के मोरण्ड नदी के ख.क्र. 18 रकबा 5.232 हे.में बडी तादाद में खनिज रेत उपलब्ध है, जिसे नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया है।

उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्र पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार चिचोली/खनि निरीक्षक बैतूल/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन/अभिमत प्राप्त किये गये। तहसीलदार चिचोली द्वारा अपने मामला क्रमांक 0715/ब–121/2019–20 दिनांक 26.11.2019 द्वारा ग्राम–**खपरिया** तहसील चिचोली की भूमि खसरा क्रमांक 18 रकबा 5.232 हे0 में से रकबा 3.400 हे0 भूमि पर नई रेत खदान घोषित करने हेतु प्रस्तावित की गई हैं।

खनि निरीक्षक,बैतूल के जॉच प्रतिवेदन मय पंचनामा दिनांक 27.03.2018 के अनुसार आवेदित क्षेत्र खसरा क्रमांक 18 रकबा 5.232 हे0 में से 3.400 हे0 क्षेत्र पर पर्याप्त मात्रा में रेत खनिज उपलब्ध हैं। आवेदित क्षेत्र से पुल 100 मीटर के भीतर नहीं है। राष्ट्रीय/राजमार्ग लगभग 15 कि0मी0 दूर स्थित है। रेल्वे लाईन 10 कि0मी0 के भीतर नही हैं, जलाशय/बांध 500 मीटर के भीतर नही हैं, ग्रामीण कच्चा मार्ग लगा हुआ है, सार्वजनिक संस्थान आस–पास नहीं हैं। आबादी लगभग 200 मीटर पर स्थित है। सार्वजनिक उपयोग की भूमि आस–पास नहीं है। धार्मिक स्थल एवं मरघट 200 मीटर के भीतर नही हैं। उक्त आवेदित क्षेत्र शासकीय नदी है जिसमें प्रचूर मात्रा में रेत उपलब्ध है, आवेदित क्षेत्र से रेत खनिज की चोरी न हो एवं आस–पास के ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त हो सके, आवेदित क्षेत्र में नई रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की हैं।

खनि सहायक मानचिकार, बैतूल ने प्रतिवेदन दिनांक 05.12.2019 में प्रतिवेदित किया गया है कि तहसील चिचोली ग्राम–**खपरिया** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 18 रकबा 5.232 हे0 में से 3.400 हे0 क्षेत्र नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु क्षेत्र उपलब्ध होता है राजस्व पटवारी नक्शे में लाल स्याही से चिन्हांकित किया गया हैं।

मध्यप्रदेश रेत (खनन,परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम,2019 में वन विभाग से अनुशंसा का कोई प्रावधान नही दिया गया है। विभागीय VC दिनांक 15.11.2019 के दौरान शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया कि SEIAA की अनुमति के दौरान वन विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेंगे।

अतः उपरोक्त जॉच प्रतिवेदनों एवं ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के नियम 5 (1) एवं (2) के तहत ग्राम–खपरिया के मोरण्ड नदी के खसरा क्र0 18 रकबा 5.232 हे0 में से रकबा 3.400 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत की नई खदान घोषित की जाती हैं।

(कलेक्टर महो0द्वारा अनुमोदित)

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

पृ0क्रमांक/खo लि०–2/2019/2013(A) बैतूल, दिनांक 05/12/2019

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, पर्यावास भवन, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम बैतूल(सा0) वनमंडल।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बैतूल को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) बैतूल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, **चिचोली**
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत चिचोली को सूचनार्थ
9. खनि निरीक्षक/ खनि सर्वेयर/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल।
10. खनि शाखा–2 खनिज कार्यालय बैतूल ।
11. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत–**खपरिया** जनपद पंचायत **चिचोली** जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

पृ0क्रमांक/ख0लि0–2/2019/2014(A) बैतूल, दिनांक 05/12/2019

सरपंच, ग्राम पंचायत **टांगनामाल** जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल द्वारा ग्रामसभा दिनांक 26.01.2018 मे प्रस्ताव क्रमांक 09 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित पत्र दिनांक 28.01.2018 प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार ग्राम–**टांगनामाल** तहसील शाहपुर के **मोरण्ड नदी** के ख.क्र. 209 रकबा 9.073 हे.में बड़ी तादाद मे खनिज रेत उपलब्ध हैं, जिसे नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया हैं।

उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्र पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार शाहपुर/खनि निरीक्षक बैतूल/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन/अभिमत प्राप्त किये गये। तहसीलदार शाहपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक–टी.आर./2019/604 दिनांक 26.11.2019 द्वारा ग्राम–**टांगनामाल** तहसील शाहपुर की भूमि खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 में से रकबा 4.000 हे0 भूमि पर नई रेत खदान घोषित करने हेतु प्रस्तावित की गई है।

खनि निरीक्षक, बैतूल के जॉच प्रतिवेदन दिनांक 02.12.2019 के अनुसार आवेदित क्षेत्र खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत उपलब्ध हैं। आवेदित क्षेत्र से आबादी लगभग 250 मीटर दूर स्थित है, सड़क लगभग 100 मीटर दूर स्थित हैं। सार्वजनिक स्थल जैसे मंदिर/मस्जिद/कब्रस्तान से लगभग 200 मी0 दूर स्थित है, राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 38 कि0मी0 दूर स्थित है,प्रस्तावित क्षेत्र मोरण्ड नदी हैं आवेदित क्षेत्र से नियमानुसार प्रतिबधित दूरी छोड़कर उपलब्ध क्षेत्र पर रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की है।

खनि सहायक मानचिकार, बैतूल ने प्रतिवेदन दिनांक 05.12.2019 मे प्रतिवेदित किया है कि तहसील शाहपुर ग्राम–**टांगनामाल** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 में से 4.000 हे0 क्षेत्र नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु क्षेत्र उपलब्ध होता हैं राजस्व पटवारी नक्शे में लाल स्याही से चिन्हांकित किया गया है।

मध्यप्रदेश रेत (खनन,परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम,2019 में वन विभाग से अनुशंसा का कोई प्रावधान नहीं दिया गया है। विभागीय VC दिनांक 15.11.2019 के दौरान शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया कि SEIAA की अनुमति के दौरान वन विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेंगे।

अतः उपरोक्त जॉच प्रतिवेदनों एवं ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के नियम 5 (1) एवं (2) के तहत ग्राम–**टांगनामाल** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 में से रकबा 4.000 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत की नई खदान घोषित की जाती है।

(कलेक्टर महो0द्वारा अनुमोदित)

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

पृ0क्रमांक/ख0लि0–2/2019/2014(A) बैतूल, दिनांक 05/12/2019

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, पर्यावास भवन, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम बैतूल(सा0) वनमंडल।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बैतूल को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) **शाहपुर** की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, शाहपुर
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शाहपुर को सूचनार्थ
9. खनि निरीक्षक/ खनि सर्वेयर/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल।
10. खनि शाखा–2 खनिज कार्यालय बैतूल ।
11. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत–**टांगनामाल** जनपद पंचायत **शाहपुर** जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

क्रमांक / ख0लि0–2 / 2019 / 2014 (A) बैतूल, दिनांक 05 / 12 / 2019

सरपंच, ग्राम पंचायत **टांगनामाल** जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल द्वारा ग्रामसभा दिनांक 26.01.2018 में प्रस्ताव क्रमांक 09 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित पत्र दिनांक 28.01.2018 प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार ग्राम–**टांगनामाल** तहसील शाहपुर के **मोरण्ड नदी** के ख.क्र. 209 रकबा 9.073 हे.मे बड़ी तादाद में खनिज रेत उपलब्ध है, जिसे नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया है।

उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्र पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार शाहपुर / खनि निरीक्षक बैतूल / खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन / अभिमत प्राप्त किये गये। तहसीलदार शाहपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक–टी.आर. / 2019 / 604 दिनांक 26.11.2019 द्वारा ग्राम–**टांगनामाल** तहसील शाहपुर की भूमि खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 में से रकबा 4.000 हे0 भूमि पर नई रेत खदान घोषित करने हेतु प्रस्तावित की गई है।

खनि निरीक्षक, बैतूल के जॉच प्रतिवेदन दिनांक 02.12.2019 के अनुसार आवेदित क्षेत्र खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत उपलब्ध हैं। आवेदित क्षेत्र से आबादी लगभग 250 मीटर दूर स्थित है, सड़क लगभ 100 मीटर दूर स्थित हैं। सार्वजनिक स्थल जैसे मंदिर / मस्जिद / कब्रस्तान से लगभग 200 मी0 दूर स्थित है, राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 38 कि0मी0 दूर स्थित है,प्रस्तावित क्षेत्र मोरण्ड नदी हैं आवेदित क्षेत्र से नियमानुसार प्रतिबंधित दूरी छोड़कर उपलब्ध क्षेत्र पर रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की हैं।

खनि सहायक मानचिकार, बैतूल ने प्रतिवेदन दिनांक 05.12.2019 में प्रतिवेदित किया है कि तहसील शाहपुर ग्राम–**टांगनामाल** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 में से 4.000 हे0 क्षेत्र नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु क्षेत्र उपलब्ध होता हैं राजस्व पटवारी नक्शे में लाल स्याही से चिन्हांकित किया गया हैं।

मध्यप्रदेश रेत (खनन,परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम,2019 में वन विभाग से अनुशंसा का कोई प्रावधान नही दिया गया है। विभागीय VC दिनांक 15.11.2019 के दौरान शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया कि SEIAA की अनुमति के दौरान वन विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेगे।

अतः उपरोक्त जॉच प्रतिवेदनों एवं ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के नियम 5 (1) एवं (2) के तहत ग्राम–**टांगनामाल** के मोरण्ड नदी के खसरा क्रमांक 209 रकबा 9.073 हे0 में से रकबा 4.000 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत की नई खदान घोषित की जाती है।

(कलेक्टर महो0द्वारा अनुमोदित)

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

पृ0क्रमांक / ख0लि0–2 / 2019 / 2014 (A) बैतूल, दिनांक 05 / 12 / 2019

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, पर्यावास भवन, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, भौगिकी तथा खनिकर्म भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम बैतूल(सा0) वनमंडल।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बैतूल को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) **शाहपुर** की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, शाहपुर
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शाहपुर को सूचनार्थ
9. खनि निरीक्षक / खनि सर्वेयर / खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल।
10. खनि शाखा–2 खनिज कार्यालय बैतूल ।
11. सरपंच / सचिव ग्राम पंचायत–**टांगनामाल** जनपद पंचायत **शाहपुर** जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

क्रमांक/ख0लि0–2/2019/2057 (A) बैतूल, दिनांक 07/12/2019

सरपंच, ग्राम पंचायत **चिखली रैयत** जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल द्वारा ग्रामसभा दिनांक 15.08.2018 में प्रस्ताव क्रमांक 06 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित पत्र दिनांक 15.08.2018 प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार ग्राम–**चिखली रैयत** तहसील **शाहपुर** के **मोरण्ड** नदी के खसरा क्रमांक 316 रकबा 8.696 हे0 में बड़ी तादाद में खनिज रेत उपलब्ध हैं, जहां नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया हैं। उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्र पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार शाहपुर/खनि निरीक्षक बैतूल/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन/अभिमत प्राप्त किये गये।

तहसीलदार शाहपुर के पत्र क्रमांक–टी.आर./2019/605 दिनांक 26.11.2019 के अनुसार लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, पटवारी रिपोर्ट एवं प्रस्तावित नक्शा संलग्न कर इस कार्यालय को प्रेषित किया गया हैं, तथा संलग्नक–4 एवं 23 बिन्दुओं की जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र से आबादी 800 मी0 दूर, रेल्वे लाईन 68 कि0 मी0 दूर, पुल व पुलिया 01 कि0मी0 दूर, ग्रामीण कच्चे रास्ते से 100 मीटर दूर, अन्य सार्वजनिक स्थल जैसे–मंदिर, मस्जिद, कब्रस्तान से 01 कि0मी0 मीटर दूर, वन सीमा से लगी हुई है, निकटतम नगरपालिका मुख्यालय से 29 कि0मी0 दूर, स्मारकों एवं संवेदनशील स्थल आसपास नहीं हैं, निकटतम व्यापारिक खदान कोई नहीं हैं। तथा प्रस्तावित क्षेत्र से मानव बसाहट/जलीय निकाय/शैक्षणिक संस्थान/चिकित्सालय/राष्ट्रीय धरोहर/पुरातत्वीय महत्व के स्थल 500 मीटर की दूरी के अन्दर स्थित नहीं हैं। 10 कि0मी0 की परिधि में कोई अन्तर्राज्यीय सीमा एवं 250 मी0 की परिधि में अन्य कोई खदान स्थित नही हैं। प्रस्तावित क्षेत्र खसरा क्रमांक 316 रकबा 8.696 हे0 रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की गई है।

खनि निरीक्षक, बैतूल के जॉच प्रतिवेदन दिनांक 04.10.2018 के अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र खसरा क्रमांक 316 रकबा 8.696 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत उपलब्ध है। प्रस्तावित क्षेत्र से पुल 100 मीटर के भीतर नही हैं, राष्ट्रीय/राजमार्ग/रेल्वे लाईन 10 कि0 मी0 से अधिक दूर, प्रस्तावित क्षेत्र नदी है, जलाशय/बांध 500 मीटर दूर, ग्रामीण पक्की सड़क लगभग 01 कि0मी0 दूर ,सार्वजनिक उपयोग की भूमि/धार्मिक स्थल 100 मीटर के भीतर नही है, आबादी लगभग 300 मीटर दूर, मरघट प्रस्तावित क्षेत्र के किनारे शवदाह गृह बना हुआ हैं, उक्त प्रस्तावित क्षेत्र मोरण्ड नदी का भाग है, जिसमें खनिज रेत उपलब्ध है, नियमानुसार प्रस्तावित दूरी छोड़कर उपलब्ध क्षेत्र पर नवीन रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की है।

खनि सहायक मानचिकार, बैतूल ने प्रतिवेदन दिनांक 04.12.2019 में प्रतिवेदित किया है कि तहसील शाहपुर ग्राम–**चिखलीरैयत** के मोरण्ड नदी के खसरा क्र0 316 रकबा 8.696 हे0 में से 4.000 हे0 क्षेत्र पर नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु क्षेत्र उपलब्ध होता है राजस्व पटवारी नक्शे में लाल स्याही से चिन्हांकित किया गया हैं।

मध्यप्रदेश रेत (खनन,परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम,2019 में वन विभाग से अनुशंसा का कोई प्रावधान नहीं दिया गया है। विभागीय VC दिनांक 15.11.2019 के दौरान शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर के वरिष्ट अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया कि SEIAA की अनुमति के दौरान वन विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेंगे।

अतः उपरोक्त जॉच प्रतिवेदनों एवं ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के नियम 5(1)एवं(2) के सहत ग्राम–**चिखलीरैयत** के **मोरण्ड** नदी के खसरा क्र0 316 रकबा 8.696 हे0 मे से रकबा 4.000 हे0 क्षेत्र पर खनिज रेत की नई खदान घोषित की जाती हैं।

(कलेक्टर महो0द्वारा अनुमोदित)

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

पृ0क्रमांक/ख0लि0–2/2019/2057 (A) बैतूल, दिनांक 07/12/2019

प्रतिलिपि:–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, पर्यावास भवन, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम बैतूल(सा0) वनमंडल।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बैतूल को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) **शाहपुर** की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, शाहपुर
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शाहपुर को सूचनार्थ
9. खनि निरीक्षक/ खनि सर्वेयर/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल।
10. खनि शाखा–2 खनिज कार्यालय बैतूल ।
11. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत–**चिखलीरैयत** जनपद पंचायत **शाहपुर** जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

क्रमांक/ख0लि0–2/2019/2058(A) बैतूल, दिनांक 10/07/12/2019

सरपंच, ग्राम पंचायत **चिखली रैयत** जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल द्वारा ग्रामसभा दिनांक 15.08.2018 में प्रस्ताव क्रमांक 06 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित पत्र दिनांक 15.08.2018 प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार ग्राम–**सेन्दूखेड़ा** तहसील **शाहपुर** के **मोरण्ड** नदी के ख0. क्र0.119 एवं 114 रकबा क्रमशः 7.738 है. एवं 5.172 है0 में बड़ी तादाद में रेत उपलब्ध हैं, अतः नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया हैं। उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्र पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार शाहपुर/खनि निरीक्षक बैतूल/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन/अभिमत प्राप्त किये गये।

तहसीलदार शाहपुर के पत्र क्रमांक–टी.आर./2019/603 दिनांक 26.11.2019 के अनुसार लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, पटवारी रिपोर्ट एवं प्रस्तावित नक्शा संलग्न कर इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है,तथा संलग्नक–4 एवं 23 बिन्दुओं की जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र से आबादी लगभग 500 मी0 दूर,रेल्वे लाईन 70 कि0 मी0 दूर,पुल व पुलिया 05 कि0मी0 दूर,ग्रामीण कच्चे रास्तो से 500 मीटर दूर, अन्य सार्वजनिक स्थल जैसे–मंदिर, मस्जिद, कब्रस्तान से 500 मीटर दूर, वन सीमा से लगी हुई है, निकटतम नगरपालिका मुख्यालय से 30 कि0मी0 दूर, स्मारकों एवं संवेदनशील स्थल आसपास नहीं है, निकटतम व्यापारिक खदान कोई नही हैं। तथा प्रस्तावित क्षेत्र से मानव बसाहट लगभग 400 मीटर/जलीय निकाय स्थित हैं। शैक्षणिक संस्थान/चिकित्सालय/अन्तर्राज्यीय सीमा/राष्ट्रीय धरोहर/पुरातत्वीय महत्व के स्थल 500 मीटर की दूरी के अन्दर स्थित नहीं हैं। एवं 250 मी0 की परिधि में अन्य कोई खदान स्थित नहीं हैं। प्रस्तावित क्षेत्र खसरा क्रमांक 119 एवं 114 रकबा क्रमशः7.738 एवं 5.172 है0 रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की गई हैं।

खनि निरीक्षक, बैतूल के जॉच प्रतिवेदन दिनांक 06.11.2018 के अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र खसरा क्रमांक 119 एवं 114 रकबा क्रमशः 7.738 एवं 5.172 है0 क्षेत्र पर खनिज रेत उपलब्ध हैं। प्रस्तावित क्षेत्र से पुल 100 मीटर के भीतर नहीं हैं, राष्ट्रीय/राजमार्ग/रेल्वे लाईन 10 कि0 मी0 से अधिक दूर, प्रस्तावित क्षेत्र नदी हैं, जलाशय/बांध 500 मीटर दूर, ग्रामीण पक्की सड़क लगभग 01 कि0मी0 दूर ,सार्वजनिक उपयोग की भूमि/धार्मिक स्थल 100 मीटर के भीतर नही है, आबादी लगभग 300 मीटर दूर, मरघट प्रस्तावित क्षेत्र के किनारे शवदाह गृह बना हुआ हैं, उक्त प्रस्तावित क्षेत्र मोरण्ड नदी का भाग हैं, जिसमें खनिज रेत उपलब्ध है, नियमानुसार प्रस्तावित दूरी छोड़कर उपलब्ध क्षेत्र पर नवीन रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की हैं।

सहायक मानचित्रकार (खनिज) बैतूल ने प्रतिवेदन दिनांक 05.12.2019 में प्रतिवेदित किया है कि तहसील शाहपुर ग्राम–सेन्दूखेड़ा के मोरण्ड नदी के ख0. क्र0. 119 एवं 114 रकबा क्रमशः 7.738 है. एवं 5.172 है. कुल रकबा 12.910 है0 में से रकबा 4.100 है0 क्षेत्र नई रेत खदान घोषित किये जाने हेतु क्षेत्र उपलब्ध होता है राजस्व पटवारी नक्शे में लाल स्याही से चिन्हांकित किया गया हैं।

मध्यप्रदेश रेत (खनन,परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम,2019 में वन विभाग से अनुशंसा का कोई प्रावधान नहीं दिया गया है। विभागीय VC दिनांक 15.11.2019 के दौरान शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया कि SEIAA की अनुमति के दौरान वन विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेंगे।

अतः उपरोक्त जॉच प्रतिवेदनों एवं ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 के नियम 5 (1) एवं (2) के तहत ग्राम–**सेन्दूखेड़ा** के **मोरण्ड** नदी के ख0. क्र0. 119 एवं 114 रकबा क्रमशः7.738 है. एवं 5.172 है. कुल रकबा 12.910 है0 में से रकबा 4.100 है0 क्षेत्र पर खनिज रेत की नई खदान घोषित की जाती हैं।

(कलेक्टर महो0द्वारा अनुमोदित)

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

बैतूल, दिनांक 10/07/12/2019

पृ0क्रमांक/ख0लि0–2/2019/2058

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, पर्यावास भवन, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम बैतूल(सा0) वनमंडल।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बैतूल को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) शाहपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, शाहपुर
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शाहपुर को सूचनार्थ
9. खनि निरीक्षक/ खनि सर्वेयर/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल।
10. खनि शाखा–2 खनिज कार्यालय बैतूल ।
11. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत–**चिखलीरैयत** जनपद पंचायत शाहपुर जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

जिला खनि अधिकारी,
बैतूल

कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) बैतूल

–: संशोधित आदेश :–

क्रमांक/खनि0–2/2019/2036(A) बैतूल, दिनांक 07/12/2019

सरपंच, ग्राम पंचायत **बटकीडोह** जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल द्वारा ग्राम सभा दिनांक 25.12.2018 में प्रस्ताव क्रमांक 01 पारित कर प्रस्ताव की प्रतिलिपि सहित प्रस्तुत किया है,जिसके अनुसार ग्राम– बटकीडोह तहसील घोड़ाडोंगरी के भड़ंगा नदी के खा0क्र. 349 एवं 112 कुल रकबा 2.060 हे0 की नई रेत खदान घोषित करने का लेख किया गया है।

उपरोक्त प्राप्त प्रस्ताव पर नई रेत खदान घोषित करने के संबंध में तहसीलदार घोड़ाडोंगरी/खनि निरीक्षक बैतूल/खनि सहायक मानचित्रकार बैतूल से प्रतिवेदन/अभिमत प्राप्त किये गये। तहसीलदार घोड़ाडोंगरी के पत्र क0/प्रया0/तह0/2019/202 दिनांक 25.02.2019 के अनुसार लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, पटवारी रिपोर्ट एवं प्रस्तावित नक्शा संलग्न कर इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, तथा संलग्नक–4 एवं 23 बिन्दुओं की जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र से आबादी 500 मी0 दूर, रेल्वे लाईन 20 कि0 मी0 दूर, पुल व पुलिया 03 कि0मी0 दूर, ग्रामीण कच्चे रास्ते से 500 मीटर दूर, अन्य सार्वजनिक स्थल जैसे–मंदिर, मस्जिद, कब्रस्तान से कि0मी0 मीटर दूर, वन सीमा से 04 कि0मी0 दूर, निकटतम नगरपालिका मुख्यालय से 35 कि0मी0 दूर, स्मारकों एवं संवेदनशील स्थलों से 10 कि0मी0 दूर, निकटतम व्यावसायिक खदानों से 10 कि0मी0 दूर है। तथा प्रस्तावित क्षेत्र से मान्य जलाहट/जलीय निकाय/शैक्षणिक संस्थान/चिकित्सालय/राष्ट्रीय धरोहर/पुरातत्वीय महत्व के स्थल 500 मीटर की दूरी के अन्दर स्थित नहीं हैं। 10 कि0मी0 की परिधि में कोई अन्तर्राज्यीय सीमा एवं 250 मी0 की परिधि में अन्य कोई खदान स्थित नहीं है। प्रस्तावित क्षेत्र खसरा क्रमांक 112 एवं 349 रकबा क्रमशः 1.360 हे0 एवं 0.700 हे0 कुल रकबा 2.060 हे0 रेत खदान घोषित किये जाने की अनुशंसा की गई है।

38. केवल पूर्वोक्त उद्देश्य के लिए जिनके पास आवश्यक पंजीकरण और मोटर वाहन अधिनियम के तहत अनुमति और उसी के लिए बीमा कवरेज है वाले जीपीएस सहित पंजीकृत वाहन / ट्रैक्टर ट्रॉलियां का उपयोग केवल उक्त प्रयोजन के लिए उपयोग किया जाएगा

39. सामग्री का परिवहन में fugitive उत्सर्जन से बचने के लिए केवल आवश्यक नमी वाले ढके हुए एवं पीयूसी प्रमाणित वाहनों का उपयोग किया जाये। खनिजों का परिवहन वन क्षेत्र से बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के नहीं किया जायेगा

40. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज निकासी सड़क को पक्का (डब्ल्यूबीएम/ब्लैक टॉप) बनाया जाएगा।

41. प्रमुख पुलों और राजमार्गों के दोनों तरफ से 1 किलोमीटर (1 किमी) की दूरी तक रेत और बजरी नहीं निकाली जाएगी। और अपस्ट्रीम से इस तरह के पुल/सार्वजनिक संरचना (जल ग्रहण क्षेत्र सहित) से पांच गुना दूरी तक एवं डाउन–स्ट्रीम से ऐसे पुल से दस गुना दूरी तक, कम से कम 250 मीटर अपस्ट्रीम साइड से और 500 मीटर डाउनस्ट्रीम साइड से रेत और बजरी नहीं निकाली जाएगी।

42. खनन की गहराई 3 मीटर या जल स्तर, जो भी कम हो, तक सीमित होनी चाहिए और नदी के किनारे से दूरी एक चौथाई या नदी की चौड़ाई जितनी होनी चाहिए और जो 7.5 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए। नदी के अंदर खनन की अनुमति नहीं है। स्थापित जल वाहक नाला ध्नालियों को स्थानांतरित, सीधा या संशोधित नहीं किया जायेगा।

43. खनन कार्य शुरू होने से पहले खनन क्षेत्र को पिलर से सीमांकन और भू–संदर्भित किया जाये ।

44. परियोजना प्रस्तावक द्वारा कम से कम वर्ष में एक बार प्रतिष्ठित तृतीय पक्ष के माध्यम से पर्यावरणीय ऑडिट कराई जाये और उस ऑडिट की रिपोर्ट को सार्वजनिक डोमेन पर रखी जाये ।

45. मानसून के मौसम में कोई खनन नहीं किया जाएगा।

46. खनन कार्य पूरी तरह से अनुमोदित खनन योजना एवं सतत रेत खनन प्रबंधन दिशानिर्देश, 2016 के अनुसार किया जाएगा तथा पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी रेत खनन के लिए प्रवर्तन और निगरानी दिशानिर्देशों के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा की खनन योजना में निर्धारित स्तरों पर खनन कार्यों को बनाए रखने के लिए खनन पट्टा क्षेत्र में रेत की वार्षिक पुनःपूर्ति खनन पट्टा क्षेत्र में रेत खनन कार्यों हेतु पर्याप्त है।

47. अगर नदी की धारा सूखी है तो उत्खनन धारा के तल की सबसे निचले कम की अबाधित गहराई से आगे नहीं बढ़ना चाहिए, जो स्थानीय हाइड्रोलिक्स, जल विज्ञान और भू–आकृति विज्ञान का एक कार्य है।

48. खनन पूरा होने के बाद, गड्ढे के किनारे को 2.5:1 के अनुपात पर प्रवाह की दिशा में ढलान पर वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

49. एम.पी.पी.सी.बी से आवश्यक सहमति प्राप्त की जाएगी और एम.पी.पी.सी.बी. की सिफारिश के अनुसार वायु/जल प्रदूषण नियंत्रण उपायों को स्थापित करना होगा।

50. क्षेत्र के सामाजिक उत्थान के लिए समुचित कार्य किये जायेंगे। इसके लिए आरक्षित निधि का उपयोग ग्राम पंचायतध्सक्षम प्राधिकरण के माध्यम से किया जाएगा।

51. श्रमिकों के छह मासिक व्यावसायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण किए जाएंगे और सभी श्रमिकों को आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाएंगे। सभी खान श्रमिकों और अन्य कर्मचारियों के लिए विश्राम गृह, प्राथमिक चिकित्सा, उचित अग्निशमन उपकरण और शौचालय (पुरुष और महिला के लिए अलग) जैसी अनिवार्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। खदान के स्थल कार्यालय, विश्राम गृहों आदि को सोलर लाइट से रोशन और हवादार किया जाएगा। इन सभी सुविधाओं जैसे विश्राम गृह, साइट कार्यालय आदि को लीज अवधि की समाप्ति के बाद साइट से हटा दिया जाएगा।

52. पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नवीनतम कार्यालीन ज्ञापन पत्र संख्या एफ.सं. 22–34/2018–आईए। III, दिनांक 16/01/2020 के अनुसार, पर्यावरण प्रबंधन योजना और कॉर्पोरेट पर्यावरण उत्तरदायित्व में अलग से बजट का प्रावधान चराई भूमि के विकास और रखरखाव के लिए बबनय जाये और ये जानकारी वार्षिक पर्यावरण विवरण में दी जाये ।

53. यदि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उपायों के लिए आवंटित पर्यावरण प्रबंधन योजना बजट का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया जाता है, तो पर्यावरण प्रबंधन योजना के लिए बजटीय प्रावधानों के कम उपयोग के कारण को वार्षिक रिटर्न (विवरणी) में सम्मिलित किया जाये ।

54. परियोजना प्रस्तावक द्वारा एसईएसी और एसईआईएए में प्रस्तुत दस्तावेदजो में विसंगति (यदि कोई) पाए जाने पर परियोजना प्रस्तावक स्वयं जिम्मेदार होगा।

55. खनन पट्टा क्षेत्र में गड्ढे एवं भूमि के पुनरूद्धार की राशि का कार्य खनन विभाग के माध्यम से किया जाये। खनन विभाग द्वारा गतिविधि के लिए अनुमानित उचित राशि को खान में खनिज की समाप्ति होने के उपरांत समस्त गतिविधि का जिम्मा कलेक्टर के पास जमा करना होगा।

56. खनन कार्य हेतु पानी की आवश्यकता के लिए ग्राम पंचायत तथा किसी भी पेड़ की कटाई से पूर्व वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाये ।

57. ऐसे पट्टे जो वन क्षेत्र के 250मी. की परिधि के अंदर आ रहे है एवं परियोजना प्रस्तावक ने संभाग स्तरीय आयुक्त समिति से अनुमोदन प्राप्त कर लिया है, तो समिति द्वारा निर्धारित सभी शर्तो पालन सुनिश्चित किया जाये।

58. परियोजना में विस्तार या आधुनिकीकरण, प्रक्रिया और उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ प्रोद्यौगिकी में परिवर्तन, और प्रस्तावित खनन ईकाई में उत्पाद मिश्रण एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिये नवीन पर्यावरण स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

59. अस्थायी अनुज्ञा (TP) के प्रकरण मे, पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता केवल टीपी की वैधत्ता तक रहेगी एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान समापन योजना का पालन सुनिश्चित करना होगा।

60. खनन पट्टाधारक खनन कार्य को बंद करने के बाद, चरागाह के विकास एवं रख –रखाव हेतु एम. ओ.ई.एफ.एंड.सी.सी के पत्र एफ. सं. 22&34/2018–आई.ए, III दिनांक 16/01/2020 अनुसार ई. एम.पी और सी.ई.आर अंतर्गत एक अलग बजट सुरक्षित करें।

61. परियोजना प्रस्तावक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या Z&11013/57/2014&IA II (एम) दिनांक 29 अक्टूबर 2014 शीर्षक "आवासों पर खनन गतिविधियों का प्रभाव, खनन परियोजनाओं से संबंधित मुद्दे जिसमें बस्तियाँ और गाँव खदान पट्टा क्षेत्रों का हिस्सा हैं या बस्तियाँ और गाँव खदान पट्टा क्षेत्र से घिरे हुए हैं" में दिए गए मेटिगीटिव उपायों का पालन करगा।

62. पत्राचार के पते में कोई भी परिवर्तन, के लिये 30 दिनों के अंदर सभी नियामक प्राधिकरण को सूचित करेगा।

63. खदान में प्रवेश के समय परियोजना के संबध में एक डिस्प्ले बोर्ड निम्नलिखित विवरण के साथ लगाना अनिवार्य होगा :

- खदान के मालिक का नाम ,संपर्क विवरण आदि।
- परियोजना का खनन पट्टा क्षेत्र (हेक्टेयर में) मय अक्षांश देशांश।
- खदान की लम्बाई, चौड़ाई एवं स्वीकृत गहराई।
- माईनेवल पोटेंशियल ऑफ रेत खदान।
- पर्यावरण स्वीकृति एवं एमपीपीसीबी की कन्सेन्ट अनुसार परियोजना की स्वीकृत उत्पादन क्षमता।
- खनन विधि (मैनुअल/सेमी मैकेनाईज्ड)।

64. NGT (CZ) के आदेश क. 66/20 दिनांक 19/10/2020 एवं एस.ई.आई.ए.ए का निर्देश पत्र संख्या 5084 दिनांक 09/12/2020 के अनुसार रेत खनन के मामले में पीपी द्वारा निम्नलिखित शर्तों को लागू किया जाना चाहिए :

i. लीजधारक को परियोजना स्थल पर न्यूनतम संख्या में (02) पोक्लेन्स का उपयोग कर सकता है 02 से जादा पोक्लेन्स के उपयोग की अनुमति नही होगी।
ii. जिला प्रशासन द्वारा पहले वर्ष के अंत में पर्यावरणीय प्रभाव के लिए साइट का आकलन करने के उपरांत ही निरंतर खनन कार्य जारी रखने की अनुमति प्रदान की जाये।
iii. कार्य की अंतिम गहराई वर्तमान प्राकृतिक नदी तल से 01 मीटर और उपलब्ध रेत की मोटाई प्रस्तावित खदान स्थल से 03 मीटर होगी।
iv. रेत उत्खनन किसी भी परिस्थिति में भूजल स्तर को प्रभावित नहीं किया जाए। यदि भूजल स्तर 01 मीटर पर अनुमत गहराई के भीतर होता है, तो उत्खनन कार्य तुरंत रोक दिया जाये।
v. रेत का खनन के दौरान किसी भी तरह से नदी के पानी की गंदलापन (टरबिडिटी), वेग और प्रवाह को प्रभावित न किया जाए।
vi. खनन गतिविधि की निगरानी तालुक स्तर के बल द्वारा महीने में एक बार भौतिक सत्यापन करके की जाएगी
vii. खनन बंद होने के बाद, लाइसेंसधारी खदान में लगाए गए सभी शेड और रेत खदान के संचालन के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी उपकरणों को तुरंत हटा दे, जहाँ तक संभव हो, बिना किसी कृत्रिम बाधा के नदी को अपना सामान्य मार्ग फिर से शुरू करने के लिए सड़कों/मार्गों को समतल किया जाये।

viii. खनन से किए गए गड्ढों को जहां आवश्यक हो वहां वापस भर दिया जाना चाहिए और पर्यावरणीय क्षरण को रोकने के लिए क्षेत्र उपयुक्त लैंडस्केप होना चाहिए

ix. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित खनन योजना के अनुसार खदान की सीमा और गहराई के संबंध में मानकों का पालन करे एवं खदान की सीमा का उचित रूप से सीमांकन किया जाए।

65. नदी के किनारों पर स्थिरीकरण के लिए खस स्लिप्स और नगर मोथा जैसी प्रजातियों को लगाया जाये एवं किसी भी उपयुक्त सरकार के माध्यम से गांव में खनिज निकासी सड़क और आम क्षेत्र पर मिट्टी के कटाव की जांच के लिए संबंधित डी.एफ.ओ./ग्राम पंचायत/कृषि विभाग या किसी अन्य उपयुक्त एजेंसी से कार्य अनुमति के उपरांत ईएमपी में किए गए बजटीय आवंटन के अनुसार पर्याप्त विशेषज्ञता वाली एजेंसी (जैसे वन विकास निगम/वन समिति, वन रेंज अधिकारी की निगरानी और मार्गदर्शन में उक्त कार्य करवाया जाये।

66. पट्टा क्षेत्र मे वृक्षारोपण के लिए सतही मिट्टी का उपयोग किया जाए एवं पट्टा क्षेत्र के बाहर कोई ओ. बी. डंप. (Over burden) न किया जाये। परियोजना प्रस्तावक को खनन कार्यों के शुरुआती तीन वर्षों में वृक्षारोपण गतिविधि पूर्ण करे एवं हताहत/मृत पोधों के प्रतिस्थापन सहित पूरे खनन जीवन के लिए उन्हें बनाए रखा जायें। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण और करणीय प्रतिस्थापन के वार्षिक विवरण हेतु एक लॉग बुक रखी जाये एवं खनन कार्य के दौरान किसी भी वनस्पतियों , जीवों इत्त्यादि को कोई हानि न हो इस हेतु पर्याप्त सावधानी बरती जाये। पी.पी. द्वारा वन भूमि में संभावित अतिरिक्त वृक्षारोपण डी.एफ.ओ के माध्यम से किया जाये एवं निर्धारित बजट डी.एफ.ओ को हस्तांतरित किया जाये ।

67. संबधित ग्राम क्षेत्र की सामुदायिक भूमि अथवा बंजर वन भूमि पर ग्राम पंचायत के माध्यम से स्थानीय मिश्रत प्रजातिया जैसे वार्षिक, बारहमासी घास/चारा , वृक्ष की प्रजातियॉ रोपित की जाये जिससे चरागाह विकसित हो सके एवं खनन कार्य के उपरांत इस विकसित चरागाह को ग्राम पंचायत को सौंप दिया जाऐ।

68. पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष मानसून के मौसम की शुरुआत से पहले, आस–पास के ग्रामीणों को चारा/देशी फल देने वाली प्रजातियों के पौधे सामाजिक वानिकी नर्सरी/सरकारी बागवानी नर्सरी से प्राप्त कर वितरित किए जाऐं। यह गतिविधि म.प्र. सरकार की ''अंकुर योजना'' के अंतर्गत ''वायुदूत ऐप'' पर व्यक्तिगत ग्रामीणों को पंजीकृत कर की जाये। पी.पी द्वारा जिन स्थानों पर औषधि वाटिका (मडिकल गार्डेन) पस्तावित है उन स्थानों (स्कूल/आंगनवाड़ी प्रांगण) पर न्यूनतम 50 पौधे रोपित किये जाये एवं इस प्रकार विकसित किया जाये कि उनका सरवाइवल 80 प्रतिशत तक हो।

69. परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण के लिये पानी की उचित व्यवस्था की जाये।

70. बी–1 श्रेणी की परियोजनाओं मे प्रस्तावित सी.ई.आर गतिविधियॉ जन सुनवाई के निष्कर्ष पर आधारित होने चाहिए। एवं बी–2 श्रेणी की परियोजनाओं में स्थानीय आवश्यकता मूल्यांकन और ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना के आधार पर सी.ई.आर गतिविधि प्रस्तावित किया जाऐ।

(ब) मानक शर्ते

1. परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल विवरण के साथ वैध डाक का पता।
2. नदी तल पर किसी भी भारी वाहन का जाना प्रतिबंधित रहेगा।
3. खनन क्षेत्र से रेत का परिवहन लदान स्थल तक केवल ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से ही किया जायेगा।
4. नदी कर्व पर किनारों को उचित बांधों द्वारा स्थिर किया जाये एवं उचित वृक्षारोपण किया जाये इसकी निगरानी कलेक्टर, के द्वारा किया जाये ताकि रेत खनन से उस क्षेत्र की पारिस्थितिकी को प्रभवित न हो सके।

5. खनन कार्य स्वीकृत खनन योजना के अनुसार किया जाये, खनन योजना का उल्लंघन किये जाने पर एस.ई.आई.ए.ए द्वारा दी गई पर्यावरण स्वीकृत रद्द कर दी जाएगी।
6. यह सुनिश्चित किया जाए कि गौण खनिज के उत्खनन से नदी तल बेसिन, जहां खनन कार्य किया जाता है, की अंतर्निहित मिट्टी की विशेषताओं मे किसी प्राकार का बदलाव तो नही हो रहा।
7. यह सुनिश्चित किया जाये कि खनन कार्य सें नदी के पानी का गंदलापन (टरबिडिटी) ,वेग और प्रवाह पैटर्न को किसी भी तरह बाधित न किया जाये।
8. यह सुनिश्चित किया जाये कि नदी के तल पर अथवा खनन क्षेत्रों के निकट कोई जीव–जंतु घोंसले के लिए निर्भर तो नही है।
9. विचाराधीन सभी प्रस्तावों के लिए खनन कार्य से पूर्व खनन/राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थल पर सटीक खनन क्षेत्र का संयुक्त रूप से सीमांकन किया जायें।
10. सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की पार्किंग नहीं होनी चाहिए।
11. आसपास की बस्तियों को खनन गतिविधियों के प्रभाव से बचाने के लिए विशेष उपाय अपनाए जाये। तथा गॉव की जिन सड़को से गौण खनिजों का परिवहन किया जाना है, का नियमित रूप से रख रखाव/अनुरक्षण किया जाये।
12. मृदा अपरदन की रोकथाम एवं नियंत्रण तथा गाद के प्रबंधन के उपाय किये जायें।
13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खदान के गड्ढे, कचरे के ढेर के आसपास आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किया जाये।
14. वृक्षारोपण कार्यक्रम ई.एम.पी के अनुसार किया जाये एवं वनस्पतियों की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जानी चाहिए एवं पट्टा क्षेत्र में किसी भी पेड़ की कटाई बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न किया जाये।
15. खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों को एक तिरपाल या अन्य उपयुक्त बाड़ों से ढक दिया जाये ताकि परिवहन के दौरान धूल के कण /बारीक पदार्थ बाहर न निकल सकें।
16. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खान श्रमिकों के लिए आश्रय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किया जायें ।
17. धूल भरे क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को सुरक्षात्मक श्वसन उपकरण उपलब्ध कराए जाये और उनकें सुरक्षा और स्वास्थ्य पहलुओं पर पर्याप्त प्रशिक्षण और जानकारी भी प्रदान की जाये।
18. कार्य स्थल पर प्राथमिक उपचार के लिए औषधालय की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाये।
19. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण मंजूरी की एक प्रति सरकार के संबंधित अधिकारियों के अतिरिक्त स्थानीय निकायों, पंचायत और नगर निकायों के प्रमुखों, (जैसा लागू हो) को भी प्रस्तुत की जाये।
20. मंत्रालय अथवा कोई अन्य सक्षम प्राधिकारी पर्यावरण संरक्षण के हित में शर्तों में परिवर्तन/संशोधन कर सकता है या कोई और शर्त निर्धारित कर सकता है।
21. तथ्यात्मक डेटा को छुपाने अथवा झूठे /गढ़े हुए डेटा प्रस्तुत करने एवं ऊपर उल्लिखित किसी भी शर्त का पालन न करने पर पर्यावरण मंजूरी को वापस लिया जा सकता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत कार्रवाही कि जा सकती है।
22. पर्यावरण मंजूरी के खिलाफ किसी भी प्रकार की अपील, करना हो, तो राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 16 के तहत, निर्धारित 30 दिनों की अवधि के अंदर राष्ट्रीय हरित अधिकरण में की जा सकती है।

(मुजीबुर्रहमान खान)
सदस्य सचिव

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।

2. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (सेक), अनुसंधान एवं विकास विंग, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
3. सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
4. कलेक्टर, जिला बैतूल (म.प्र.)
5. वन मंडलाधिकारी, जिला बैतूल (म.प्र.)
6. आई.ए. डिवीसन, निगरानी प्रकोष्ठ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली – 110003।
7. निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्र केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड़ नं. 03, रवि शंकर नगर, भोपाल – 462016 ।
8. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश, 29–ए, खनिज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462002।
9. खनिज अधिकारी, जिला बैतूल (म.प्र.)
10. संबंधित फाईल।

(आलोक नायक)
प्रभारी अधिकारी

Signature Not Verified
Digitally signed by Shri,Mujeebur Rehman Khan
Member Secretary
Date: 4/6/2023 7:00:57 PM

State Environment Impact Assessment Authority, M.P.
(Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India)

Environmental Planning & Coordination Organization
Paryavaran Parisar, E-5, Arera Colony
Bhopal - 462016
visit us http://www.mpseiaa.nic.in
Email : mpseiaa@gmail.com
Tel.: 0755 - 2466970, 2466859
Fax : 0755 - 2462136

सत्यमेव जयते

No.: 2555 /SEIAA/23
Date : 19/11/23

प्रति,

मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि.
प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी,
ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा,
हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)

विषयः **प्रस्ताव क्र. SIA/MP/MIN/296425/2022 - प्रकरण क्रमांक 8166/2020 – पूर्व परियोजना प्रस्तावक मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र.), रेत खदान, रकबा 5.0 हे., उत्पादन क्षमता 20,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 1–पी, ग्राम धामन्या, तहसील शाहपुर, जिला बैतूल (म.प्र.) की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति का हस्तांतरण, नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द , कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना) के नाम पर करने हेतु आवेदन।**

संदर्भः **राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) की 750वी बैठक दिनांक 13.10.2022 में लिये गये नीतिगत निर्णय अनुसार।**

रेत उत्खनन के प्रकरणों को माननीय एनजीटी स्पेशल बेन्च के आदेश दिनांक 22.02.2022 एवं 04.03.2022 के परिपालन में SEIAA द्वारा 717वी बैठक दिनांक 08.04.2022 लिये गये नीतिगत निर्णय के दृष्टिगत प्रकरण को Re-visit कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के पैरा–11 अनुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा परिवेश पोर्टल पर आवेदित दस्तावेजो के आधार पर पूर्व पर्यावरण स्वीकृति के हस्तांतरण हेतु सर्व सम्मति से निम्नानुसार कार्यवाही निर्णित की गयी :–

(1) नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर फार्म–7 में **रेत खदान, रकबा 5.0 हे. , उत्पादन क्षमता 20,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 1–पी, ग्राम धामन्या, तहसील शाहपुर, जिला बैतूल (म.प्र.)** को जारी पर्यावरण स्वीकृति का हस्तांतरण आवेदन प्राप्त हुआ है।

(2) **यह कि नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं :–**

I. **प्रभारी अधिकारी, (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा पूर्व परियोजना प्रस्तावक मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी जिला सतना (म.प्र.) के पक्ष में नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)** के नाम पर पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरित करने हेतु नोटराईज्ड शपथ पत्र पर अनापत्ति प्रस्तुत की गई है।

II. **मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द , कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)** द्वारा नोटराईज्ड शपथ–पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि उक्त खदान में आज दिनांक तक कोई भी वाद–विवाद न्यायालय में प्रचलन में नहीं है एवं जारी की गई पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित समस्त शर्तों का परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

III. एसईआईएए द्वारा पत्र क्र. 7914/एसईआईएए/2021 दिनांक 31.03.2021 के माध्यम से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति।

IV. NABET से अधिकृत पर्यावरण सलाहकार द्वारा तैयार की पर्यावरण प्रबंधन योजना (EMP) की प्रति।

V. नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा पत्र क्र. 1914 दिनांक 30.12.2022 के माध्यम से नवीन अनुमोदित खनन योजना मय वार्षिक पुर्नभरण अध्ययन की प्रति।

VI. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम से जारी आशय पत्र क्र. 1862/खनिज/रेत/2022 दिनांक 23.12.2022 (लीज अवधि 30.06.2023 तक मान्य) की प्रति।

VII. प्रभारी अधिकारी कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम पत्र क्र. 06/खनि–02/2023 दिनांक 03.01.2023 (लीज अवधि 30.06.2023 तक मान्य) द्वारा हस्तांतरित पत्र की प्रति।

VIII. प्रभारी अधिकारी कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा SEIAA की 717वीं बैठक दिनांक 08.04.2022 के नीतिगत निर्णय कार्यवाही के बिन्दु क्र. 2.1 से 2.4 एवं 2.6 अनुसार चाही गई प्रमाणित जानकारी पत्र क्र. 10/खनि02/2023 दिनांक 03.01.2023 के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा ईआईए अधिसूचना 2006 (पैरा–11) के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति में नाम परिवर्तन करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। अत : एसईआईएए द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र क्र. 7914/एसईआईएए/2021 दिनांक 31.03.2021 के माध्यम से मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र) के नाम पर रेत खदान, रकबा 5.0 हे., उत्पादन क्षमता 20,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 1–पी, ग्राम धामन्या, तहसील शाहपुर, जिला बैतूल (म.प्र.) की जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का हस्तांतरण, नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना) के नाम निम्नानुसार अतिरिक्त शर्तों के साथ किया जाता है :–

I. **उपरोक्त पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 31.03.2021 में निहित समस्त शर्ते यथावत रहेंगी एवं पर्यावरण स्वीकृति की वैधता दिनांक 30.06.2023 तक मान्य रहेगी।**

II. प्रस्तावित खदान की उत्पादन क्षमता हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित खनन योजना में 22,800 घनमीटर प्रतिवर्ष, पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में 20,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, निविदा में निविदत्त मात्रा 22,800 घनमीटर एवं प्रस्तावित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में 22,800 घनमीटर दर्शित है, **अतः माननीय एन.जी.टी. के उक्त आदेश दिनांक 22.02.2022 एवं 04.03.2022 के परिपालन में न्यूनतम उत्पादन क्षमता 20,000 घनमीटर प्रतिवर्ष तक ही मान्य रहेगी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा निविदा में निविदत्त मात्रा से अधिक उत्पादन मात्रा का उत्खनन नहीं किया जायेगा इस हेतु संबंधित जिला खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

III. **परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व पर्यावरण स्वीकृति में निर्धारित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अनुसार (सतत् सिंचाई, मृत पौधों का बदलाव तथा रख–रखाव के साथ) पौधों का रोपण 06 माह में पूर्ण कर SEIAA कार्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन सहित अवगत कराया जाये, यदि निर्धारित समयावधि में परियोजना प्रस्तावक द्वारा सम्पूर्ण वृक्षारोपण नहीं किया जाता है तो पर्यावरण स्वीकृति निरस्त कर दी जायेगी।**

IV. SEIAA द्वारा रेत खनन के प्रकरणों में जारी की जाने वाली समस्त पर्यावरण स्वीकृति माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों के आदेशों/दिशा निर्देशों के अधीन मान्य रहेंगी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों द्वारा जारी सभी निर्देशों/निर्णयों का अनुपालन परियोजना प्रस्तावक के लिये बाध्यकारी होगा।

V. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 31.03.2021 में निहित शर्तों अनुसार वृक्षारोपण एवं सी.ई.आर. की गतिविधियों का परिपालन प्रथम वर्ष में किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

VI. नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण, सी.इ.आर एवं सभी गतिविधियों के फोटोग्राफ अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट के साथ एमपी–एसईआईएए को प्रस्तुत करेगा। यदि परियोजना प्रस्तावक अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट को अपलोड करने में विफल रहता है या संबंधित प्राधिकरण (एसईआईएए और क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल) को पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों की लगातार दो छमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है, तो परियोजना प्रस्तावक को जारी की गई पूर्व पर्यावरण मंजूरी निरस्त की जायेगी।

VII. परियोजना प्रस्तावक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी रेत उत्खनन सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा निर्देश, 2016 एवं प्रवर्तन और निगरानी दिशा निर्देश, 2020 का सख्ती से परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा। **इस हेतु संबंधित जिला खनिज अधिकारी द्वारा समय–समय पर स्थल निरीक्षण किया जायेगा।**

अध्यक्ष महोदय, SEIAA द्वारा अनुमोदित

(गिरीश शर्मा)
सदस्य सचिव

क्र.. 2556 /SEIAA/2023 भोपाल दिनांक : 19/11/23

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (सेक), अनुसंधान एवं विकास विंग, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
3. सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
4. कलेक्टर, जिला बैतूल (म.प्र.)
5. वन मंडलाधिकारी, जिला बैतूल (म.प्र.)
6. आई.ए. डिवीजन, निगरानी प्रकोष्ठ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली – 110003।
7. निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्र केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड़ नं. 03, रवि शंकर नगर, भोपाल – 462016 ।
8. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश, 29–ए, खनिज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462002।
9. मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र) ।
10. खनिज अधिकारी, जिला बैतूल (म.प्र.)
11. संबंधित फाईल।

(आलोक नायक)
प्रभारी अधिकारी

State Environment Impact Assessment Authority, M.P.

(Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India)

Environmental Planning & Coordination Organization

Paryavaran Parisar, E-5, Arera Colony
Bhopal - 462016
visit us http://www.mpseiaa.nic.in
Email : mpseiaa@gmail.com
Tel.: 0755 - 2466970, 2466859
Fax : 0755 - 2462136

सत्यमेव जयते

No.: 2557 /SEIAA/23
Date : 19/1/23

प्रति,

मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि.
प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी,
ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा,
हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)

विषयः **प्रस्ताव क्र. SIA/MP/MIN/296045/2022 - प्रकरण क्रमांक 7197/2020 – पूर्व परियोजना प्रस्तावक मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र.), रेत खदान, रकबा 3.0 हे., उत्पादन क्षमता 21,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 162पी, ग्राम बल्लौर, तहसील चिचोली, जिला बैतूल (म.प्र.) की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति का हस्तांतरण, नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द , कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना) के नाम पर करने हेतु आवेदन।**

संदर्भः **राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) की 750वी बैठक दिनांक 13.10.2022 में लिये गये नीतिगत निर्णय अनुसार।**

रेत उत्खनन के प्रकरणों को माननीय एनजीटी स्पेशल बेन्च के आदेश दिनांक 22.02.2022 एवं 04.03.2022 के परिपालन में SEIAA द्वारा 717वी बैठक दिनांक 08.04.2022 लिये गये नीतिगत निर्णय के दृष्टिगत प्रकरण को Re-visit कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के पैरा–11 अनुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा परिवेश पोर्टल पर आवेदित दस्तावेजो के आधार पर पूर्व पर्यावरण स्वीकृति के हस्तांतरण हेतु सर्व सम्मति से निम्नानुसार कार्यवाही निर्णित की गयी :–

(1) नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर फार्म–7 में **रेत खदान, रकबा 3.0 हे. , उत्पादन क्षमता 21,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 162पी, ग्राम बल्लौर, तहसील चिचोली, जिला बैतूल (म.प्र.)** को जारी पर्यावरण स्वीकृति का हस्तांतरण आवेदन प्राप्त हुआ है।

(2) **यह कि नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं :–**

I. **प्रभारी अधिकारी, (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा पूर्व परियोजना प्रस्तावक मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी जिला सतना (म.प्र.) के पक्ष में नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)** के नाम पर पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरित करने हेतु नोटराईज्ड शपथ पत्र पर अनापत्ति प्रस्तुत की गई है।

II. **मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द , कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)** द्वारा नोटराईज्ड शपथ–पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि उक्त खदान में आज दिनांक तक कोई भी वाद–विवाद न्यायालय में प्रचलन में नहीं है एवं जारी की गई पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित समस्त शर्तों का परिपालन सुनिशिचित किया जायेगा।

III. एसईआईएए द्वारा पत्र क्र. 3596/एसईआईएए/2020 दिनांक 14.10.2020 के माध्यम से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति।

IV. NABET से अधिकृत पर्यावरण सलाहकार द्वारा तैयार की पर्यावरण प्रबंधन योजना (EMP) की प्रति।

V. नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा पत्र क्र. 1914 दिनांक 30.12.2022 के माध्यम से नवीन अनुमोदित खनन योजना मय वार्षिक पुर्नभरण अध्ययन की प्रति।

VI. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम से जारी आशय पत्र क्र. 1862/खनिज/रेत/2022 दिनांक 23.12.2022 (लीज अवधि 30.06.2023 तक मान्य) की प्रति।

VII. प्रभारी अधिकारी कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम पत्र क्र. 06/खनि–02/2023 दिनांक 09.01.2023 (लीज अवधि 30.06.2023 तक मान्य) द्वारा हस्तांतरित पत्र की प्रति।

VIII. प्रभारी अधिकारी कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा SEIAA की 717वीं बैठक दिनांक 08.04.2022 के नीतिगत निर्णय कार्यवाही के बिन्दु क्र. 2.1 से 2.4 एवं 2.6 अनुसार चाही गई प्रमाणित जानकारी पत्र क्र. 15/खनि02/2023 दिनांक 03.01.2023 के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा ईआईए अधिसूचना 2006 (पैरा–11) के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति में नाम परिवर्तन करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। अत : एसईआईएए द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र क्र. 3596/एसईआईएए/2020 दिनांक 14.10.2020 के माध्यम से मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र) के नाम पर रेत खदान, रकबा 3.0 हे., उत्पादन क्षमता 21,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 162पी, ग्राम बल्लौर, तहसील चिचोली, जिला बैतूल (म.प्र.) की जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का हस्तांतरण, नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना) के नाम निम्नानुसार अतिरिक्त शर्तों के साथ किया जाता है :–

I. **उपरोक्त पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 14.10.2020 में निहित समस्त शर्तें यथावत रहेंगी एवं पर्यावरण स्वीकृति की वैधता दिनांक 30.06.2023 तक मान्य रहेगी।**

II. प्रस्तावित खदान की उत्पादन क्षमता हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित खनन योजना में 21,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में 54,000 घनमीटर प्रतिवर्ष, निविदा में निविदत्त मात्रा 21,000 घनमीटर एवं प्रस्तावित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में 21,000 घनमीटर दर्शित है, **अतः माननीय एन.जी.टी. के उक्त आदेश दिनांक 22.02.2022 एवं 04.03.2022 के परिपालन में न्यूनतम उत्पादन क्षमता 21,000 घनमीटर प्रतिवर्ष तक ही मान्य रहेगी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा निविदा में निविदत्त मात्रा से अधिक उत्पादन मात्रा का उत्खनन नहीं किया जायेगा इस हेतु संबंधित जिला खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

III. **परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व पर्यावरण स्वीकृति में निर्धारित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अनुसार (सतत् सिंचाई, मृत पौधों का बदलाव तथा रख–रखाव के साथ) पौधों का रोपण 06 माह में पूर्ण कर SEIAA कार्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन सहित अवगत कराया जाये, यदि निर्धारित समयावधि में परियोजना प्रस्तावक द्वारा सम्पूर्ण वृक्षारोपण नहीं किया जाता है तो पर्यावरण स्वीकृति निरस्त कर दी जायेगी।**

iv. SEIAA द्वारा रेत खनन के प्रकरणों में जारी की जाने वाली समस्त पर्यावरण स्वीकृति माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों के आदेशों/दिशा निर्देशों के अधीन मान्य रहेंगी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों द्वारा जारी सभी निर्देशों/निर्णयों का अनुपालन परियोजना प्रस्तावक के लिये बाध्यकारी होगा।

v. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 14.10.2020 में निहित शर्तों अनुसार वृक्षारोपण एवं सी.ई.आर. की गतिविधियों का परिपालन प्रथम वर्ष में किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

vi. नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण, सी.इ.आर एवं सभी गतिविधियों के फोटोग्राफ अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट के साथ एमपी–एसईआईएए को प्रस्तुत करेगा। यदि परियोजना प्रस्तावक अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट को अपलोड करने में विफल रहता है या संबंधित प्राधिकरण (एसईआईएए और क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल) को पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों की लगातार दो छमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है, तो परियोजना प्रस्तावक को जारी की गई पूर्व पर्यावरण मंजूरी निरस्त की जायेगी।

vii. परियोजना प्रस्तावक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी रेत उत्खनन सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा निर्देश, 2016 एवं प्रवर्तन और निगरानी दिशा निर्देश, 2020 का सख्ती से परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा। **इस हेतु संबंधित जिला खनिज अधिकारी द्वारा समय–समय पर स्थल निरीक्षण किया जायेगा।**

अध्यक्ष महोदय, SEIAA द्वारा अनुमोदित

ओ/ (गिरीश शर्मा)
सदस्य सचिव

क्र.. 2558 /SEIAA/2023 भोपाल दिनांक : 19/11/23

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (सेक), अनुसंधान एवं विकास विंग, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
3. सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
4. कलेक्टर, जिला बैतूल (म.प्र.)
5. वन मंडलाधिकारी, जिला बैतूल (म.प्र.)
6. आई.ए. डिवीजन, निगरानी प्रकोष्ठ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली – 110003।
7. निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्र केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड़ नं. 03, रवि शंकर नगर, भोपाल – 462016 ।
8. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश, 29–ए, खनिज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462002।
9. मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र) ।
10. खनिज अधिकारी, जिला बैतूल (म.प्र.)
11. संबंधित फाईल।

ओ/ (आलोक नायक)
प्रभारी अधिकारी

State Environment Impact Assessment Authority, M.P.
(Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India)

Environmental Planning & Coordination Organization
Paryavaran Parisar, E-5, Arera Colony
Bhopal - 462016
visit us http://www.mpseiaa.nic.in
Email : mpseiaa@gmail.com
Tel.: 0755 - 2466970, 2466859
Fax : 0755 - 2462136

सत्यमेव जयते

No.: 3197 /SEIAA/23
Date : 24/3/23

प्रति,

मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि.
प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी,
ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा,
हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)

विषयः **प्रस्ताव क्र. SIA/MP/MIN/296429/2022 - प्रकरण क्रमांक 7170/2020 – पूर्व परियोजना प्रस्तावक मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र.), रेत खदान (ओपनकास्ट मैनुअल विधि), रकबा 2.450 हे., उत्पादन क्षमता 15,600 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 99, ग्राम झोली–1, तहसील घोड़ाडोंगरी, जिला बैतूल (म.प्र.) की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति का हस्तांतरण, नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना) के नाम पर करने हेतु आवेदन।**

संदर्भः **राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) की 750वी बैठक दिनांक 13.10.2022 में लिये गये नीतिगत निर्णय अनुसार।**

1154

रेत उत्खनन के प्रकरणों को माननीय एनजीटी स्पेशल बेन्च के आदेश दिनांक 22.02.2022 एवं 04.03.2022 के परिपालन में SEIAA द्वारा 717वी बैठक दिनांक 08.04.2022 लिये गये नीतिगत निर्णय के दृष्टिगत प्रकरण को Re-visit कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के पैरा–11 अनुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा परिवेश पोर्टल पर आवेदित दस्तावेजो के आधार पर पूर्व पर्यावरण स्वीकृति के हस्तांतरण हेतु सर्व सम्मति से निम्नानुसार कार्यवाही निर्णित की गयी :–

(1) नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर फार्म–8 में **रेत खदान (ओपनकास्ट मैनुअल विधि), रकबा 2.450 हे., उत्पादन क्षमता 15,600 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 99, ग्राम झोली–1, तहसील घोड़ाडोंगरी, जिला बैतूल** (म.प्र) पूर्व परियोजना प्रस्तावक **मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी निवासी चड़क्यपुरी कालोनी सतना जिला सतना (म.प्र.)**को जारी पूर्व पर्यावरण स्वीकृति का हस्तांतरण आवेदन प्राप्त हुआ है।

(2) **यह कि नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं :–**

I. प्रभारी अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) **बैतूल** द्वारा पूर्व परियोजना प्रस्तावक **मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी निवासी चड़क्यपुरी कालोनी सतना जिला सतना (म.प्र)** के पक्ष से नवीन परियोजना प्रस्तावक **मेसर्स नेशनल इनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस, लिमिटेड निवासी प्लाट न.–7 बिन्दु सदन, 401 साईचन्द्र कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी , पुप्पलगुडा , मणिकोडा, हैदराबाद**

रंगारेड्डी, (तेलंगाना) के नाम पर पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरित करने हेतु अनापत्ति प्रस्तुत की गई है।

II. **मेसर्स नेशनल इनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस, लिमिटेड निवासी प्लाट न.–7 बिन्दु सदन, 401 साईचन्द्र कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी , पुप्पलगुडा , मणिकोडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना)** द्वारा नोटराईज्ड शपथ–पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि उक्त खदान में आज दिनांक तक कोई भी वाद–विवाद न्यायालय में प्रचलन में नहीं है एवं जारी पूर्व पर्यावरण स्वीकृति में निहित समस्त शर्तों का परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

III. एस.ई.आई.ए.ए. द्वारा जारी पूर्व पर्यावरण स्वीकृति पत्र क्र. 3594 दिनांक 14.10.2020 की प्रति।

IV. नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा पत्र क्र. 386 दिनांक 27.02.2023 के माध्यम से अनुमोदित खनन योजना मय वार्षिक पुर्नभरण अध्ययन की प्रति।

V. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम से जारी आशय पत्र क्र. 1862/रेत/2022 दिनांक 23.12.2022 (लीज अवधि 30.06.2023 तक मान्य) की प्रति।

VI. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल द्वारा नवीन परियोजना प्रस्तावक के नाम से जारी लीज हस्तांतरण ओदेश क्र. 399 दिनांक 27.02.2023 में (लीज अवधि 30.06.2023 तक मान्य) की प्रति।

VII. जिला खनिज अधिकारी, बैतूल द्वारा SEIAA की 717वीं बैठक दिनांक 08.04.2022 के नीतिगत निर्णय कार्यवाही के बिन्दु क्र. 2.1 से 2.6 अनुसार चाही गई प्रमाणित जानकारी पत्र क्र. 400 दिनांक 27.02.2023 के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।

VIII. प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा), बैतूल द्वारा पूर्व ठेकेदार को जारी पर्यावरण स्वीकृति की शर्तों का परिपालन नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा किये जाने के संबंध में पत्र क्र. 549 दिनांक 20.03.2023 के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।

1155

परियोजना प्रस्तावक द्वारा ईआईए अधिसूचना 2006 (पैरा–11) के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति में नाम परिवर्तन करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। अत : एसईआईएए द्वारा हस्तांतरित पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र क्र. 3594/एसईआईएए/2020 दिनांक 14.10.2020 के माध्यम से मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, जिला सतना (म.प्र) के नाम पर रेत खदान (ओपनकास्ट मैनुअल विधि), रकबा 2.450 हे., उत्पादन क्षमता 15,600 घनमीटर प्रतिवर्ष, खसरा नं. 99, ग्राम झोली–1, तहसील घोड़ाडोंगरी, जिला बैतूल (म.प्र.) की जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का हस्तांतरण, नवीन परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एण्ड सर्विसेस लि. प्लाट न. 07 बिन्दु सदन 401, साईचन्द, कालोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद रंगारेड्डी, (तेलंगाना) के नाम निम्नानुसार अतिरिक्त शर्तों के साथ किया जाता है :–

I. **उपरोक्त पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 14.10.2020 में निहित समस्त शर्तें यथावत रहेंगी एवं पर्यावरण स्वीकृति की वैधता दिनांक 30.06.2023 तक मान्य रहेगी।**

II. प्रस्तावित खदान की उत्पादन क्षमता हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित खनन योजना में 15600 घनमीटर प्रतिवर्ष, पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में 36750 घनमीटर प्रतिवर्ष, निविदा में निविदत्त मात्रा 15600 घनमीटर एवं प्रस्तावित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में 15600 घनमीटर दर्शित है, **अतः माननीय एन.जी.टी. के उक्त आदेश दिनांक 22.02.2022 एवं 04.03.2022 के परिपालन में न्यूनतम उत्पादन क्षमता 15600 घनमीटर प्रतिवर्ष तक ही मान्य रहेगी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा निविदा में जिले के लिये निविदत्त कुल मात्रा से अधिक उत्पादन मात्रा का उत्खनन नहीं किया जायेगा इस हेतु संबंधित जिला खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

III. SEIAA द्वारा रेत खनन के प्रकरणों में जारी की जाने वाली समस्त पर्यावरण स्वीकृति माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों के आदेशों/दिशा निर्देशों के अधीन मान्य रहेंगी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं

अन्य न्यायालयों द्वारा जारी सभी निर्देशों/निर्णयों का अनुपालन परियोजना प्रस्तावक के लिये बाध्यकारी होगा।

IV. रेत उत्खनन का कार्य मैनुअल विधि द्वारा ही किया जायें।

V. परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण, सी.ई.आर. एवं सभी गतिविधियों का अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 14.10.2020 में निहित शर्तों अनुसार विशेष रूप से वृक्षारोपण (वन विभाग के माध्यम से) एवं सी.ई.आर. (जिला प्रशासन/स्थानीय निकाय के समन्वय से) की गतिविधियों का पूर्णतः परिपालन दिनांक 31.05.2023 तक पूर्ण कर अनुपालन प्रतिवेदन फोटोग्राफ सहित SEIAA एवं क्षेत्रीय कार्यालय MoEF&CC को अनिवार्यतः प्रेषित किया जाये। उपरोक्त शर्तों का अनुपालन प्रतिवेदन जिला खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत करवाया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

VI. **पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 14.10.2020 में निहित वृक्षारोपण की विशिष्ट शर्त के अनुसार वृक्षारोपण कार्य संबंधित वनमंडलाधिकारी, वन विभाग द्वारा किया जाये तथा इस हेतु निर्धारित धनराशि परियोजना प्रस्तावक द्वारा शासन के नियमानुसार वन विभाग के FDA एकाउंट मे जमा किया जाये।**

VII. **जिला कलेक्टर द्वारा प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति पत्र में निहित सी.ई.आर गतिविधियों हेतु विशिष्ट शर्त के अनुसार पर्यावरण स्वीकृति की वैधता दिनांक 30.06.2023 के पूर्व उपरोक्त सी.ई.आर. अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों/गतिविधियों को संबंधित जिला पंचायत/नगरीय निकाय के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ग्रामीण विकास के कार्यों की आवश्यकता के दृष्टिगत अनिवार्यतः क्रियान्वयन करवाया जाये। यदि आवश्यक हो तो परियोजना प्रस्तावक से उपरोक्त शर्त के परिपालन हेतु शासन के नियमानुसार आवश्यक राशि जमा करवाकर सी.ई.आर. गतिविधियें का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।**

VIII. परियोजना प्रस्तावक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी रेत उत्खनन सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा निर्देश, 2016 एवं प्रवर्तन और निगरानी दिशा निर्देश, 2020 का सख्ती से परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा। **इस हेतु संबंधित जिला खनिज अधिकारी द्वारा समय–समय पर स्थल निरीक्षण किया जायेगा।**

1156 **अध्यक्ष महोदय, SEIAA द्वारा अनुमोदित**

(मुजीबुर्रहमान खान)
सदस्य सचिव

क्र.. /SEIAA/2023 भोपाल दिनांक :

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (सेक), अनुसंधान एवं विकास विंग, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
3. सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल – 462016।
4. कलेक्टर, जिला बैतूल (म.प्र.)
5. वन मंडलाधिकारी, जिला बैतूल (म.प्र.)
6. आई.ए. डिवीजन, निगरानी प्रकोष्ठ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली – 110003।
7. निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्र केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड़ नं. 03, रवि शंकर नगर, भोपाल – 462016 ।
8. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश, 29–ए, खनिज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462002।
9. मेसर्स होटल उमा रेसीडेन्सी, चणक्यपुरी कालोनी, ज़िला सतना (म.प्र) ।
10. खनिज अधिकारी, ज़िला बैतूल (म.प्र.)
11. संबंधित फाईल।

(आलोक नायक)
प्रभारी अधिकारी

ENVIRONMENTAL CLEARANCE

PARIVESH

(Pro-Active and Responsive Facilitation by Interactive, and Virtuous Environmental Single-Window Hub)

Government of India
Ministry of Environment, Forest and Climate Change
(Issued by the State Environment Impact Assessment Authority(SEIAA), MADHYA PRADESH)

To,

The -1

NATIONAL ENERGY TRADING AND SERVICES LIMITED

PLOT NO. 7 BINDU SADAN, 401, SAI CHANDRA RASIDENCY, HYDERABAD RANGAREDDI TG 500089 IN -500089

Subject: Grant of Environmental Clearance (EC) to the proposed Project Activity under the provision of EIA Notification 2006-regarding

Sir/Madam,

This is in reference to your application for Environmental Clearance (EC) in respect of project submitted to the SEIAA vide proposal number SIA/MP/MIN/418284/2023 dated 27 Feb 2023. The particulars of the environmental clearance granted to the project are as below.

1.	**EC Identification No.**	**EC23B001MP155839**
2.	**File No.**	9742/2023
3.	**Project Type**	New
4.	**Category**	B
5.	**Project/Activity including Schedule No.**	1(a) Mining of minerals
6.	**Name of Project**	Ratamati Sand Mine
7.	**Name of Company/Organization**	NATIONAL ENERGY TRADING AND SERVICES LIMITED
8.	**Location of Project**	MADHYA PRADESH
9.	**TOR Date**	N/A

The project details along with terms and conditions are appended herewith from page no 2 onwards.

Date: 19/05/2023

(e-signed)
Shri,Mujeebur Rehman Khan
Member Secretary
SEIAA - (MADHYA PRADESH)

Note: A valid environmental clearance shall be one that has EC identification number & E-Sign generated from PARIVESH.Please quote identification number in all future correspondence.

This is a computer generated cover page.

संदर्भः प्रस्ताव क्र. SIA/MP/MIN/418284/2023 - प्रकरण क्र. 9742/2023 परियोजना प्रस्तावक मेसर्स नेशनल एनर्जी ट्रेंडिग एंड सर्विसेज़, लि. निदेशक, श्री विनोद कुमार गोवर्थी, निवासी प्लाट नं. 7, बिंदु सदन, 401, सांई चन्द्र कॉलोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद, रंगरेड्डी (तेलगांना) द्वारा रेत खदान (ओपनकास्ट मैनुअल विधि), उत्पादन क्षमता 21600 घनमीटर प्रतिवर्ष, रकबा 2.550 हेक्टेयर, खसरा 1, ग्राम रातामटी, तहसील भैंसदेही, जिला बैतूल (म.प्र.)।

भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना एस.ओ. 1533(E) दिनांक 14 सितंबर 2006 एवं उपरांत के संशोधनों तथा राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा समय–समय पर जारी ज्ञापनों के परिपालन में पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु भारत सरकार के परिवेश पोर्टल पर निर्धारित प्रपत्र एवं प्रक्रिया अनुरूप परियोजना प्रस्तावक द्वारा आनॅलाईन आवेदन के साथ प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव (क्र. **SIA/MP/MIN/418284/2023** एवं MP SEIAA में पंजीयन दिनांक 28.02.2023) एवं संबंधित अनिवार्य दस्तावेज़ों के आधार पर राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) और राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के द्वारा परीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया।

II कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल के एकल प्रमाण पत्र क्र. 241 दिनांक 08.02.2023 के अनुसार आवेदित क्षेत्र से नेशनल पार्क/अभ्यारण्य/जैव विविधता क्षेत्र/ईको सेंसेटिव जोन 10 कि.मी. की परिधि के बाहर है एवं वन क्षेत्र 250 मीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। अनुमोदित खनन योजना के अनुसार अक्षांश 21°48'51.07" से 21°48'59.93' और देशांतर 77°43'14.40" से 77°43'36.16" भौगोलिक निर्देशांक पर स्थित है।

III. परियोजना पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना एस.ओ. 1533(E) दिनांक 14 सितंबर 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त पैरा (II) के अनुसार परियोजना प्रस्तावक एवं अधिकृत सलाहकार द्वारा प्रस्तुत की गई अभिप्रमाणित जानकारी तथा दस्तावेज़ों के आधार पर राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) की 784वीं बैठक दिनांक 04.05.2023 में विस्तृत विचार विमर्श उपरांत एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 636वीं बैठक दिनांक 13.04.2023 में प्रकरण पर की गई अनुशंसा के आधार पर विशिष्ट, साधारण/मानक शर्ते अधिरोपित करते हुये पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।

अतः उपरोक्त निर्णय के परिपालन में उक्त प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक निवासी प्लाट नं. 7, बिंदु सदन, 401, सांई चन्द्र कॉलोनी, ग्रीन स्पेस तुलसी, पुप्पलगुड़ा, मणिकोंडा, हैदराबाद, रंगरेड्डी (तेलगांना) द्वारा रेत खदान (ओपनकास्ट मैनुअल विधि), उत्पादन क्षमता 21600 घनमीटर प्रतिवर्ष, रकबा 2.550 हेक्टेयर, खसरा 1, ग्राम रातामटी, तहसील भैंसदेही, जिला बैतूल (म.प्र.) की राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, म.प्र एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति द्वारा अनुशंसित निम्नलिखित विशिष्ट शर्तो और तदुपरांत मानक शर्तो के अधीन पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(अ) विशिष्ट शर्तेः

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल का आदेश क्र. 261 दिनांक 10.02.2023 के माध्यम से उक्त खदान को 30.06.2023 तक की सहमति जारी की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 30.06.2023 तक मान्य रहेगी।
2. प्रस्तावित खदान की उत्पादन क्षमता हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित खनन योजना में 21600 घनमीटर प्रतिवर्ष, निविदा में निविदत्त मात्रा 21600 घनमीटर प्रतिवर्ष, SEAC से अनुशंसित उत्पादन क्षमता 21,600 घनमीटर प्रतिवर्ष, जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में 21,600 घनमीटर दर्शित है, अतः माननीय

एन.जी.टी. के उक्त आदेश दिनांक 22.02.2022 एवं 04.03.2022 के परिपालन में न्यूनतम उत्पादन क्षमता 21,600 घनमीटर प्रतिवर्ष तक ही मान्य रहेगी। **परियोजना प्रस्तावक द्वारा निविदा में निविदत्त जिले की कुल मात्रा से अधिक उत्पादन मात्रा का उत्खनन नहीं किया जायेगा इस हेतु संबंधित जिला खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

3. **परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC की अनुशंसा अनुसार लीज एरिया 2.550 हेक्टेयर से 1.63 हेक्टेयर क्षेत्र में ही रेत खनन किया जायेगा।**
4. SEIAA द्वारा रेत खनन के प्रकरणों में जारी की जाने वाली समस्त पर्यावरण स्वीकृति माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों के आदेशों/दिशा निर्देशों के अधीन मान्य रहेंगी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों द्वारा जारी सभी निर्देशों/निर्णयों का अनुपालन परियोजना प्रस्तावक के लिये बाध्यकारी होगा।
5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा रेत उत्खनन Sustainable Sand Mining Guidelines 2016 तथा Enforcement and Monitoring Guidelines for Sand 2020 के दिशा निर्देशो के अधीन किया जाना सुनिश्चित किया जायें।
6. परियोजना प्रस्तावक वृक्षारोपण कार्य संबंधित वनमंडलाधिकारी, वन विभाग से करवाया जायें तथा इस हेतु आवश्यक निर्धारित राशि परियोजना प्रस्तावक द्वारा शासन के नियमानुसार वन विभाग के FDA एकाउंट मे जमा किये जाये तथा तथा संबंधित वनमंडलाधिकारी वन क्षेत्र में स्थल का चयन व योजना तैयार कर वृक्षारोपण करेंगे, आगामी 03 वर्षो तक उनकी देखभाल करेंगे तथा परियोजना प्रस्तावक को सूचित करेगे तथा 03 वर्षो तक पौधों का मूल्यांकन प्रतिवेदन भेजेंगे।
7. वन मंडलाधिकारी, वन विभाग द्वारा लिखित में वृक्षारोपण हेतु परियोजना प्रस्तावक का प्रस्ताव अस्वीकृत किये जाने की स्थिति में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित वृक्षारोपण एवं सुरक्षा कार्य ग्राम पंचायत के माध्यम से 03 वर्ष तक (सतत् सिंचाई 01 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) निम्नानुसार संपादित करेंगे:–

Phase	Location	Name of Tree	No. of Plants to be Planted
Upto 30.06.2023	For Village distribution specially to the famers who,s land are near to the river bank.	Aam, Munga Hybrid Ber, Sitafal, Anwla, Neembu, Bel and other local species.	1600

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत निर्धारित बजट अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–
    - ग्राम के समीपस्थ क्षेत्र में वर्षा जल संचय का कार्य किया जावे एवं मौजूद जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जीणोद्धार किया जाये, जिससे कि ग्राम की आवश्यकतानुसार एवं किये गये वृक्षारोपण हेतु समुचित जल की व्यवस्था हो सके।
    - ग्राम के शासकीय स्कूल/आंगनबाड़ी की आवश्यकता के अनुरूप पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय इत्यादि की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये।
    - नजदीकी शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 02 व्हीलचेयर, 02 कम्पलीट बेड, 01 वार्मर मशीन प्रदान की जाये।

साथ ही, परियोजना प्रस्तावक जनपद पंचायत और पीएचईडी के परामर्श से जल जीवन मिशन के तहत राशि का योगदान सुनिश्चित करेगा। परियोजना प्रस्तावक उपरोक्त गांव के स्कूलों व आंगनबाड़ियों में उचित ढांचागत सुविधाएं विकसित करने/उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देगा। उपरोक्त गतिविधियॉ और आसपास के गांवों के विकास के लिए आवश्यकता आधारित गतिविधि

जिला कलेक्टर और ग्राम पंचायत के परामर्श से पर्यावरण स्वीकृति की वैधता दिनांक 30.06.2023 के पूर्व अनिवार्यतः कार्यान्वित की जाएगी।

9. जिला कलेक्टर द्वारा प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति की वैधता दिनांक 30.06.2023 के पूर्व उपरोक्त सी.ई.आर. अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों/गतिविधियों को संबंधित जिला पंचायत/नगरीय निकाय के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ग्रामीण विकास के कार्यों की आवश्यकता के दृष्टिगत अनिवार्यतः क्रियान्वयन किया जाये। यदि आवश्यक हो तो परियोजना प्रस्तावक से उपरोक्त शर्त के परिपालन हेतु नियमानुसार आवश्यक राशि जमा करवाकर सी.ई.आर. गतिविधियेां का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।
10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण, सी.ई.आर. एवं सभी गतिविधियों का अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट विशेष रूप से वृक्षारोपण (वन विभाग के माध्यम से) एवं सी.ई.आर. (जिला प्रशासन/स्थानीय निकाय के समन्वय से) की गतिविधियों का पूर्णतः परिपालन दिनांक 31.05.2023 तक पूर्ण कर अनुपालन प्रतिवेदन फोटोग्राफ सहित SEIAA एवं क्षेत्रीय कार्यालय MoEF&CC को अनिवार्यतः प्रेषित किया जाये। उपरोक्त शर्तों का अनुपालन प्रतिवेदन जिला खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत करवाया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पूर्व पट्टा क्षेत्र के चारों ओर फेंसिंग लगाई जाये एवं पट्टा क्षेत्र के चार कोनों पर चेतावनी संकेतकों की स्थापना के साथ उचित निगरानी और सुरक्षागार्ड की व्यवस्था की जायेगी।
12. परियोजना क्षेत्र एवं अन्य प्रस्तावित क्षेत्रों में वृक्षारोपण संबंधित कार्यों में संबंधित क्षेत्र के वनमंडलाधिकारी के परामर्श अनुसार संयुक्त/सामुदायिक वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से CSR/CER एवं अशासकीय निधियों के उपयोग हेतु राज्य शासन द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण नीति का परिपालन सुनिश्चित किया जाये।
13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा विभाग से खनन अनुबंध निष्पादित होने के उपरांत ही खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा।
